

2019-20 वार्षिक रिपोर्ट

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड

(इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)

सीआईएन:U45500DL2017GOI317401

विषयवस्तु

इरकॉन डीएचएचएल का परिचय	**2**
निदेशक मंडल	**3**
संदर्भ सूचना	**4**
इक्विटी एवं ऋण विवरण	**5**
अध्यक्ष का संबोधन	6-7
निदेशक की रिपोर्ट और इसके परिशिष्ट	
निदेशक की रिपोर्ट	8-21
प्रबंधन विचारविमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट	22-26
वार्षिक रिटर्न का सार (फॉर्म सं. एमजीटी-9)	27-36
निगमित शासन रिपोर्ट	37-49
संबंधित पक्ष संव्यवहार (फॉर्म सं. एओसी-2)	50-51
सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट	52-57
वित्तीय विवरण:	**58**
लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	59-78
तुलन पत्र	79
लाभ एवं हानि विवरण	80
रोकड़ प्रवाह विवरण	81
इक्विटी में परिवर्तन का विवरण	82
वित्तीय विवरणों के नोट	83-154
सीएएजी की टिप्पणियां और प्रबंधन का उत्तर	155-159

इरकॉनडीएचएचएल का परिचय

“इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड (इरकॉनडीएचएचएल), इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसका निगमन कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-4) के 260+000 से किमी 338+923 तक देवांगेरे - हवेरी को छह लेन का बनाना के लिए दिनांक 19 जून, 2017 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ हस्ताक्षरित रियायत करार की शर्तों के अनुसार एनएचपीडी चरण-V के अंतर्गत डीबीएफओटी पर हाइब्राइड वार्षिकी परियोजना के रूप में निष्पादित किए जाने हेतु दिनांक 11 मई, 2017 को विशेष कार्य योजना (एसपीवी) के रूप में किया गया था”

निदेशक मंडल

अंशकालीन (नामिती) निदेशक
[दिनांक 31.03.2020 को]

श्री राजेन्द्र सिंह यादव
निदेशक

श्री सुरजीत दत्ता
निदेशक

श्री श्याम लाल गुप्ता
अध्यक्ष

श्री अशोक कुमार गोयल
निदेशक

श्री बसंत कुमार
निदेशक

संदर्भ सूचना

- **मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)**
  श्री नगनगौडा हनुमंथगौडा पाटिल
- **मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ)**
  सुश्री कृतिका गुप्ता
  दिनांक 20.11.2018 से 31.03.2020 तक
  सुश्री रचना तोमर
  दिनांक 31.03.2020 से
- **कंपनी सचिव (सीएस)**
  सुश्री पूजा रस्तोगी

- **सांविधिक लेखापरीक्षक**
  सिंघल सुनिल एंड एसोसिएट्स
- **सचिवीय लेखापरीक्षक**
  सौरभ जैन एंड एसोसिएट्स
- **लागत लेखापरीक्षक**
  रवी साहनी एंड कंपनी
- **आंतरिक लेखापरीक्षक**
  वी एंड एम अरोड़ा एंड कंपनी

- **कंपनी के ईपीसी ठेकेदार**
  इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
- **कंपनी के बैंकर**
  इंडियन ओवरसीस बैंक
- **पंजीकृत कार्यालय**
  सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत,
  नई दिल्ली-110017
- **सम्पर्क विवरण**
  कंपनी सचिव
  ई मेल आईडी: ircondhhl@gmail.com
  दूरभाष:011-26545786

इक्विटी एवं ऋण पूंजी का विवरण

[31.03.2020 को]

विवरण	धारक कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड से स्वीकृत/अनुमोदित निवेश	आहरित राशि (31.03.2020 को)
1. इक्विटी शेयर पूंजी	217.05 करोड़ रूपए	164.05 करोड़ रूपए
2. रक्षित ऋण (कर्ज)	503.00 करोड़ रूपए	269.22 करोड़ रूपए



इक्विटी शेयर पूंजी रक्षित ऋण (कर्ज)

अध्यक्ष का संबोधन

दिनांक 25.09.2020 को आयोजित तीसरी (3) वार्षिक साधारण बैठक में

प्रिय शेयरधारकों

आरंभ में कृपया आपके व आपके प्रियजनों के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएं स्वीकार करें। मुझे कंपनी की तीसरी वार्षिक साधारण बैठक में आप सभी का स्वागत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है। इस बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने के लिए आप सभी का धन्यवाद।

मैं आपके समक्ष इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड की कुछ विशेषताएं प्रस्तुत करना चाहता हूं।

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमाग लिमिटेड (इरकॉन डीएचएचएल) को दिनांक 19 जून, 2017 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ हस्ताक्षरित रियायत करार की शर्तों के अनुसार एनएचपीडी चरण-V के अंतर्गत डीबीएफओटी पर हाइब्राइड वार्षिकी परियोजना के रूप में निष्पादित किए जाने हेतु कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-4) के किमी 260+000 से किमी 338+923 तक देवांगेरे हवेरी को छह लेन का बनाने की परियोजना के निष्पादन हेतु दिनांक 11 मई, 2017 को इसकी धारक कंपनी - इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ("इरकॉन") द्वारा विशेष कार्य व्यवस्था के रूप में निगमित किया गया है। परियोजना की रियायत अवधि 15 वर्ष है, जिसमें 912 दिनों की परियोजना निर्माण अवधि शामिल नहीं है।

इस परियोजना की कुल परियोजना निष्पादन लागत 1177.00 करोड़ रूपए जमा मूल्य संवर्धन है, जिसमें 40% परियोजना लागत की प्रतिपूर्ति एनएचएआई द्वारा की जाएगी और 60% लागत को एसपीवी द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। तदनुसार, आपकी कंपनी 720.05 करोड़ रुपये की परियोजना निर्माण लागत का वित्तपोषण करेगी, जिसमें इक्विटी और ऋण निवेश के माध्यम से क्रमश: 217.05 करोड़ रूपए और 503.00 करोड़ रूपए का निवेश किए जाएगा। दिनांक

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु, आरंभिक निवेश और तत्पश्चात, राइट्स इश्यु के माध्यम से इरकॉन द्वारा 164.05 करोड़ रूपए की इक्विटी पूंजी निवेश की गई है और इरकॉन से 269.22 करोड़ रूपए का ऋण प्राप्त किया गया है। परियोजना समापन की अनुसूचित तिथि 24.07.2020 थी, जिसे अप्रत्याशित कोविड-19 महामारी के कारण तीन महीनों यथा 24.10.2020 तक बढा दिया गया है।
दिनांक 31 मार्च 2020 तक, कंपनी ने रियायत करार में शामिल कार्यक्षेत्र के प्रति कुल भौतिक प्रगति 66.77% और वित्तीय प्रगति 65.37% प्राप्त कर ली है।

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष के लिए राजस्व से 39,283.50 लाख रूपए का प्रचालनिक टर्नओवर और 77.44 लाख रूपए का लाभ/(हानि) अर्जित किया था।

अनुपालन और प्रकटन

कंपनी अधिनियम, 2013 और इसके अंतर्गत संबद्ध नियमों के तहत अनुपालन और प्रकटनों को पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त, कंपनी लोक उपक्रम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी निगमित शासन दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रही है।

समझौता ज्ञापन (एमओये)

लोक उपक्रम विभाग (डीपीई) द्वारा आपकी कंपनी को धारक कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से छूट प्रदान की है।

आभारोक्ति

मैं निदेशक मंडल की ओर से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड और कंपनी के लेखापरीक्षकों के मूल्यवान सहयोग और समर्थन के लिए आभार प्रकट करता हूं। मैं कंपनी के कर्मचारियों के प्रयासों की भी सराहना करता हूं, जो कि हमारी मूल्यवान संपत्ति हैं। उनका समपर्ण, विवेक, कड़ी मेहनत और गहन मूल्य, कंपनी की प्रगति के प्रमुख तत्व हैं।

हम भावी प्रगति पथ हेतु उनके निरंतर सहयोग की कामना करते हैं।

कृते और की ओर से
इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड

ह/-
(श्याम लाल गुप्ता)
अध्यक्ष
डिन: 07598920

दिनांक: 25.09.2020
स्थान: नई दिल्ली

निदेशक की रिपोर्ट
वर्ष 2019-20

निदेशक की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यों,

आपके निदेशकों को वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों और व्यावसायिक गतिविधियों सहित तीसरी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है।

व्यावसायिक प्रचालनिक विशेषताएं : कंपनी के कार्यों की वर्तमान स्थिति

इरकॉन देवांगेरे-हवेरी राजमार्ग लिमिटेड (इरकॉनडीएचएचएल), इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जिसका निगमन दिनांक 11 मई, 2017 को विशेष कार्य व्यवस्था (एसपीवी) के रूप में दिनांक 19 जून, 2017 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ हस्ताक्षरित रियायत करार की शर्तों के अनुसार एनएचपीडी चरण-V के अंतर्गत डीबीएफओटी पर हाइब्राइड वार्षिकी परियोजना के रूप में निष्पादित किए जाने हेतु कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-4) के किमी 260+000 से किमी 338+923 तक देवांगेरे - हवेरी को छह लेन का बनाना के परियोजना कार्य के निष्पादन के लिए किया गया था। इस परियोजना की रियायत अवधि 15 वर्ष है, जिसमें दिनांक 24 जनवरी 2018 यथा नियुक्ति तिथि से आरंभ 912 दिन (30 माह) की निर्माण अवधि शामिल नहीं है और यह कार्य सभी उपलब्ध क्षेत्रों में प्रगति पर है। कार्य समापन की अनुसूचित तिथि 24.07.2020 है,जिसे दिनांक 24.10.2020 तक बढया गया है (कोविड-19 के प्रभाव के कारण 3 महीने हेतु)। कार्य के क्षेत्र में 78.923 किमी के मुख्य कैरेज-वे (राजमार्ग की कुल लंबाई), 154.654 किमी की सेवा सड़क लंबाई, जिसमें प्रमुख पुल, पुलिया, वाहनीय अंडरपास, पैदलपथ अंडरपास, फ्लाइओवर तथा अन्य संबद्ध कार्य शामिल हैं।

रियायत समझौते के संदर्भ में, कुल परियोजना बोली लागत 1177 करोड़ रूपए जमा मूल्यवृद्धि और और प्रथम वर्ष प्रचालन एवं अनुरक्षण लागत 10 करोड़ रूपए है। परियोजना बोली की 40% की प्रतिपूर्ति प्रत्येक 8% की 5 किस्तों में निर्माण अवधि के दौरान एनएचएआई द्वारा की जाएगी (10%, 30%, 50%, 75% और 90%) भौतिक प्रगति प्राप्त करने पर) और निर्माण लागत के शेष 60% की व्यवस्था एसपीवी द्वारा की जाएगी। परियोजना बोली लागत के 40% की प्रतिपूर्ति पर विचार करने के बाद, 720.05 करोड़ (निर्माण के दौरान ब्याज सहित) की शेष निर्माण लागत का वित्तपोषण क्रमशः 217.05 करोड़ और 503 करोड़ की इक्विटी और ऋण निवेश द्वारा किए जाने का प्रस्ताव है।

समझौते की शर्तों के अनुसार ग्राहक निर्धारित तिथि से 180 दिनों के भीतर 100% दायित्व मुक्त भूमि सौंपने में विफल रहा है। 181वें दिन तक उपलब्ध कार्यक्षेत्र केवल 74% था। इसके बावजूद, परियोजना ने निर्धारित समय अवधि के भीतर (90 दिनों के उपचार अवधि के भीतर) 30% भौतिक प्रगति और 35% वित्तीय प्रगति के दूसरे परियोजना लक्ष्य को प्राप्त किया है और तीसरे परियोजना लक्ष्य यथा 75% भौतिक प्रगति और 70% वित्तीय प्रगति को दिनांक 03 फरवरी, 2020 को या उससे पहले प्राप्त किए जाने का लक्ष्य है (90 दिनों की उपचार की अवधि)। दिनांक 31.01.2020 को उपलब्ध कार्यक्षेत्र के केवल 81.39% होने के कारण उक्त लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सका (एनएचएआई द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई भूमि पर काम के दायरे को छोड़कर और आंतरिक संरचनाओं हेतु मौजूदा/ निर्माणाधीन अतिरिक्त संरचनाओं और संशोधन हेतु स्थानीय निवासियों की मांग के कारण कार्य बंद रहो-18.61%)। दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक स्थल पर प्राप्त भौतिक प्रगति 62.83% है जो रियायत समझौते में शामिल कुल कार्यक्षेत्र के अनुसार है और यह 77.19% (62.83 / 0.8139) है, जब रियायतग्राही को उपलब्ध कार्यक्षेत्र की दृष्टि से परिकलित किया जाए। दिनांक 31.01.2020 को वित्तीय प्रगति 61.74% थी और एसपीवी के लिए उपलब्ध कार्यक्षेत्र के लिए यह 75.86% (61.74/0.8139) थी। दिनांक 31.01.2020 को समान भौतिक और वित्तीय प्रगति उपचार अवधि के भीतर तीसरी परियोजना लक्ष्य के अपेक्षाओं को पूरा करती है।

दिनांक 31 मार्च 2020 तक, रियायत समझौते में शामिल कुल कार्यक्षेत्र के प्रति कुल भौतिक प्रगति 66.77% और और वित्तीय प्रगति 65.37% प्राप्त की गई है। एनएचएआई द्वारा एसपीवी के लिए उपलब्ध कार्यक्षेत्र केवल 81.39% था। दिनांक 31 मार्च, 2020 तक भूमि की अनुपलब्धता के कारण और स्थानीय लोगों द्वारा कार्यों को रोकने के कारण प्रभावित कार्यों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन / डीलिंकिंग के लिए अनुरोध किया जा रहा है।

वर्ष के दौरान, इरकॉनडीएचएचएल ने 39,283.50 लाख रूपए का प्रचालनिक टर्नओवर और वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए 77.44 लाख रूपए का कर पश्चात लाभ/ हानि प्राप्त किया है।

720.05 करोड़ की परियोजना निर्माण लागत, को क्रमशः 217.05 करोड़ रूपए और 503.00 करोड़ रूपए के इक्विटी और ऋण निवेश द्वारा वित्तपोषित किया गया है, जिसमें से इरकॉन ने 31 मार्च 2020 को 164.05 करोड़ रूपए की इक्विटी सहायता और 269.22 करोड़ रूपए का ऋण प्रदान किया है।

वित्तीय विशेषताएं : कंपनी का वित्तीय निष्पादन:

कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 के तहत उल्लिखित प्रावधानों के अनुसरण में, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए अपने वार्षिक वित्तीय विवरणों को भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) के अनुसार तैयार किए हैं, जो पूर्ववर्ती भारतीय सामान्यत स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) से अंतरित किए गए हैं। तदनुसार, इंड एएस के अनुपालन हेतु लेखांकन नीतियों को पुन:निर्धारित किया गया है।

दिनांक 31 मार्च 2020 को वित्तीय निष्पादन सूचक:

(राशि रूपए लाख में)

क्र .सं	विवरण	31.03.2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31.03.2019 को समाप्त वर्ष के लिए
1.	इक्विटी शेयर पूंजी	16,405.00	10,405.00
2.	अन्य इक्विटी (आरक्षित निधि और अतिरेक सहित)	354.82	277.38
3.	धारक कंपनी से ऋण (उधार)	26,922.00	13000.00
4.	विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्ति	0	0
5.	**कुल संपत्ति और देयताएं**		
6.	प्रचालन से राजस्व	39,283.50	31,270.32
7.	अन्य आय	113.66	170.13
8.	**कुल आय (6) + (7)**	39,397.16	31,440.45
9.	मूल्यह्रास, वित्तीय लागत, आपवादिक मदें और कर व्यय पूर्व लाभ/हानि	1871.01	574.90
10.	**कुल व्यय (9) + (10)**	39,284.67	31,114.52
11.	घटा: मूल्यह्रास	0.12	

12.	**वित्तीय लागत, आपवादिक मदें और कर व्यय पूर्व लाभ/(हानि)**	1871.01	574.90
13.	घटा: वित्तीय लागतें	1758.40	248.97
14.	**आपवादिक मदें और कर व्यय पूर्व लाभ/(हानि)**	112.49	325.93
15.	लाभ/(हानि): आपवादिक मदें	-	-
16.	कर व्यय पूर्व लाभ/हानि	112.49	325.93
17.	घटा: कर व्यय (चालू और आस्थिगित)	35.05	111.62
18.	**वर्ष हेतु लाभ/हानि (1)**	77.44	214.31
19.	अन्य वृहत आय (2)	-	-
20.	कुल (1+2)	77.44	214.31
21.	पूर्ववर्ती वर्षों के लिए लाभ/हानि का शेष	277.38	63.07
22.	घटा: डिबेंचर रिडेंप्शन आरक्षित निधि	-	-
23.	घटा : आरक्षित निधि में अंतरण	-	-
24.	घटा: **:** इक्विटी शेयरों पर प्रदत्त लाभांश	-	-
25.	घटा: **:** प्रफेरेंशियन शेयरों पर प्रदत्त लाभांश	-	-
26.	घटा**:** लाभांश संवितरण कर	-	-
27.	अग्रेणीत शेष	354.82	277.38

लाभांश और आरक्षित निधि का विनियोजन:

परियोजना की स्थिति के मद्देनजर जो निर्माणाधीन मोड में है, निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए किसी भी लाभांश की सिफारिश नहीं की है।

इंड एएस की अनुप्रयोज्यता के अनुसार, आरक्षित निधि को वित्तीय विवरणों में 'अन्य इक्विटी' के तहत प्रतिधारित आमदनी के रूप में परिलक्षित किया जाता है और आपकी कंपनी के पास दिनांक 31 मार्च 2020 तक प्रतिधारित आमदनियों में 354.82 लाख रूपए की शेष राशि है।

31 मार्च 2020 को कंपनी की शेयर पूंजी :

कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 217.05 करोड़ रुपये है, जिसमें प्रति 10 रूपए के 21,70,50,000 इक्विटी शेयर और कंपनी की प्रदत्त, अंशदायी और शेयर पूंजी 164.05 करोड़ है जिसमें प्रति 10 रूपए के 16,40,50,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि हुई है, जो दिनांक 15 जनवरी 2018 को असाधारण आम बैठक में 5 करोड़ रूपए से बढकर 217.05 करोड़ रूपए हो गई है।

कंपनी ने इस रिपोर्ट की तिथि तक राइट्स इश्यू के तहत कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी को 104.05 करोड रुपये से बढ़ाकर 164.05 करोड़ रुपये कर दिया है।

कंपनी के निगमन से अबतक राइट इश्यु का ब्यौरा निम्नानुसार है:

आवंटन की तिथि	आवंटित इक्विटी शेयरों की संख्या (प्रति शेयर 10 रूपए)	आवंटिती का नाम
05 अप्रैल, 2018	2,00,00,000	इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (धारक कंपनी)
16 अगस्त, 2018	3,40,00,000	
17 अक्तूबर, 2018	5,00,00,000	
19 सितंबर, 2019	6,00,00,000	

परियोजना से रोकड़ प्रवाह:

वर्ष के दौरान परियोजना गतिविधियों से कुल रोकड़ प्रवाह रूपए **(18,191.28) लाख रूपए** है।

सहायक/संयुक्त उद्यम/ संबद्ध कंपनियों का विवरण:

आपकी कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। समीक्षाधीन अवधि के लिए कंपनी की कोई सहायक कंपनी/संयुक्त उद्यम/संबद्ध कंपनी नहीं थी।

निदेशक मंडल और प्रमुख प्रबंधन कार्मिक:

कंपनी का प्रबंधन कंपनी के बोर्ड के रूप में पांच गैर-कार्यपालक नामिति निदेशकों की अध्यक्षता में है, जिनकी नियुक्ति आपकी कंपनी की धारक कंपनी द्वारा कंपनी के संगम अनुच्छेदों के अनुसार की गई है: -

क्र.सं	निदेशक	नियुक्ति तिथि	डीआईएन
1.	श्री श्याम लाल गुप्ता, अंशकालीन अध्यक्ष	01.11.2019	07598920
2.	श्री अशोक कुमार गोयल, निदेशक	11.05.2017	05308809
3.	श्री राजेन्द्र सिंह यादव, निदेशक	27.01.2019	07752915
4.	श्री बसंत कुमार, निदेशक*	19.09.2019	08556555
5.	श्री सुरजीत दत्ता, निदेशक	05.09.2019	06687032

* दिनांक 31 जुलाई 2020 से श्री बंसत कुमार में निदेशक पद को पदमुक्त किया है।

प्रमुख प्रबंधन कार्मिक:

क्र.सं	कंपनी के प्रमुख कार्मिक	नियुक्ति तिथि	पेन न.
1.	श्री नगनगौडा पाटिल, मुख्य कार्यपालक अधिकारी (18.07.2018 को केएमपी नामित)	18.07.2018	BBZPP6530K
2.	सुश्री रचना तोमर, मुख्य वित्त अधिकारी (31.03.2020 को केएमपी नामित))	31.03.2020	AJCPB0588R
3.	सुश्री पूजा रस्तोगी, कंपनी सचिव (01.04.2019 को केएमपी नामित))	01.04.2019	BKHPR8220D

निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक में परिवर्तन:

वर्ष के दौरान, सुश्री अनुपन बेन और श्री आनंद कुमार सिंह कंपनी के निदेशक पद से क्रमश: दिनांक 30 अगस्त 2019 और 04 सितंबर 2019 को पदमुक्त हुए।

सुश्री दीपक सबलोक अपनी अधिवर्षिता के कारण दिनांक 31 अक्टूबर 2019 से अध्यक्ष और निदेशक पद से पदमुक्त हुए। बोर्ड उनके अमूल्य योगदान और मार्गदर्शन के लिए इसकी सराहना करता है।

श्री सुरजीत दत्ता और श्री बसंत कुमार को क्रमश: दिनांक 05 सितंबर 2019 और 19 सितंबर 2019 से निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। ।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा-203 के अनुसरण में दिनांक 31 मार्च, 2020 को कंपनी के मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक में शामिल हैं-श्री नगनगौडा हनुमंथगौड़ा पाटिल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुश्री रचना तोमर, मुख्य वित्तीय अधिकारी और सुश्री पूजा रस्तोगी, कंपनी सचिव। कंपनी ने सुश्री रचना तोमर को सुश्री कृतिका गुप्ता के स्थान पर दिनांक 31 मार्च, 2020 को मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है।

निदेशक मंडल की बैठकों की संख्या:

कंपनी अधिनियम, 2013, बोर्ड की बैठक और इसके अधिकार, नियम, 2014 और डीपीई (कॉर्पोरेट गवर्नेंस) दिशानिर्देशों, 2010 के प्रावधानों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि के दौरान, बोर्ड की दस बैठकों का आयोजन किया गया है। बोर्ड की बैठकों के ब्यौरे के लिए कृपया निगमित शासन रिपोर्ट का संदर्भ लें, जो इस रिपोर्ट का भाग है।

बोर्ड की बैठकें दिनांक 08.04.2019, 20.05.2019, 29.07.2019, 23.08.2019, 19.09.2019, 16.10.2019, 24.10.2019, 18.12.2019, 27.01.2020 और 02.03.2020 को आयोजित की गईं। बोर्ड की बैठक के बीच अंतराल कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निर्धारित अवधि के भीतर था।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान बोर्ड की बैठकों की संख्या, जिनमें निदेशक उपस्थित रहे:-

निदेशक का नाम	बैठकों की संख्या जिनमें निदेशक उपस्थित
श्री दीपक सबलोक (31.10.2019 तक)	7/7
श्री श्याम लाल गुप्ता (01.11.2019 से)	3/3
श्री अशोक कुमार गोयल	10/10
श्री आनन्द कुमार सिंह (04.09.2019 तक)	4/4
श्री राजेन्द्र सिंह यादव (19.09.2019 तक तत्पश्चात 27.01.2020 से)	5/7
श्री बसंत कुमार (19.09.2019 से)	6/6
सुश्री अनुपम बेन (31.08.2019 तक)	4/4
श्री सुरजीत दत्ता (05.09.2019 से)	6/6

बोर्ड समितियां:

क्रमश: दिनांक 19 सितंबर, 2019 और 27 जनवरी, 2020 को समितियों का पुनर्गठन किया गया और दिनांक 02 मार्च, 2020 से इन्हें भंग कर दिया गया गया:

1. लेखापरीक्षा समिति

2. नामांकन और पारिश्रमिक समिति

कंपनी को, निगमित कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी दिनांक 5 जुलाई 2017 और 13 जुलाई 2017 की राजपत्रित अधिसूचना के अनुसार इरकॉन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी होने के कारण, बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति और बोर्ड समितियों क्रमशः लेखापरीक्षा समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के गठन से छूट दी गई है।

निदेशक के उत्तरदायित्व का विवरण:

निदेशक मंडल के उत्तरदायित्व विवरण के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 134(3)(ग) के अंतर्गत अपेक्षा के अनुसरण में एतदद्वारा पुष्टि की जाती है कि:

क) दिनांक 31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि हेतु वार्षिक लेखे तैयार करने में सामग्री विचलनों, यदि कोई हो, से संबंधित उचित स्पष्टीकरण सहित लागू लेखाकरण मानकों का पालन किया गया है।

ख) ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया और निरंतर लागू किया गया है और ऐसे निर्णय लिए और अनुमान तैयार किए गए थे, जो तर्कसंगत और विवकपूर्ण थे ताकि 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष हेतु कंपनी की कार्य स्थिति तथा उक्त तिथि को समाप्त अवधि के लिए कंपनी के लाभ का सही एवं वास्तविक स्थिति प्रस्तुत हो सके।

ग) परिसंपतियों की सुरक्षा करने तथा छल-कपट और अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लेखाकरण अभिलेखों के पर्याप्त रखरखाव के लिए उचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती गई है।

घ) वार्षिक लेखे ''निरंतर'' आधार पर तैयार किए हैं।

छ) सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की गई है और ऐसी प्रणालियाँ पर्याप्त और प्रभावी ढंग से कार्य कर रही हैं।

स्वतंत्र निदेशक (निदेशकों) द्वारा घोषणा और पुनर्नियुक्ति:

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं है।

प्रबंधन विचारविमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट (एमडीएआर):

एमडीएआर **अनुबंध-क** के रूप में संलग्न है जो इस रिपोर्ट का भाग है।

वार्षिक रिटर्न का सार:

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 की नियम-12 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा-93(3) के अनुसार, फॉर्म एमजीटी-9 में वार्षिक रिटर्न का सार इस रिपोर्ट का भाग है जो **अनुबंध-ख** के रूप में संलग्न है।

निगमित शासान पर रिपोर्ट

निगमित शासन पर रिपोर्ट को इस रिपोर्ट में **अनुबंध-ग** के रूप में शामिल किया गया है।

निदेशक का अवलोकन और वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पणी (उनकी रिपोर्ट में लेखापरीक्षकों द्वारा की गई किसी भी टिप्पणी के लिए स्पष्टीकरण:

वित्तीय विवरणों के भाग के रूप में खातों का विवरण स्व-व्याख्यात्मक है तथा इसे और अधिक स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है।

लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में कोई आपत्ति या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है, जिसके लिए किसी भी तरह के स्पष्टीकरण/ पुष्टि की आवश्यकता होती है।

लेखापरीक्षक:

सांविधिक लेखापरीक्षक:

मैसर्स सिंघल सुनिल एंड एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार को वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए सीएजी के दिनांक 09.08.2019 के पत्र सं.सीए/वी/सीओवाई/ केन्द्रीय सरकार/आईडीएचएचएल (I)699 के तहत सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-139(1) के तहत लिखित सहमति और प्रमाण पत्र के माध्यम से पुष्टि की है।

लागत लेखापरीक्षक:

निदेशक मंडल ने लागू नियमों / मार्गदर्शन नोट, इत्यादि के अनुसार कंपनी के लागत रिकार्डों की लेखापरीक्षा के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कंपनी के लागत लेखापरीक्षक के रूप में मैसर्स रवि साहनी एंड कंपनी, लागत लेखाकार को नियुक्त किया है।

सचिवीय लेखापरीक्षक:

मैसर्स सौरभ जैन एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव को वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कंपनी की सचिवीय लेखापरीक्षा का संचालन करने के लिए निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त किया गया था।

आतंरिक लेखापरीक्षक:

निदेशक मंडल ने मैसर्स वी.एम.अरोड़ा एंड कंपनी, सनदी लेखाकार को कंपनी की आंतरिक लेखापरीक्षा हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए आंतरिक लेखा परीक्षकों के रूप में को नियुक्त किया है।

अंतर-निगमित ऋण, गारंटी या निवेश का विवरण (धारा 185 और 186):

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के प्रावधानों के तहत शामिल किए गए ऋण, गारंटी और निवेश का कोई लेनदेन नहीं है।

संबंधित पक्षों के साथ अनुबंध या व्यवस्था के विवरण:

संबंधित पक्षों के साथ वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा दर्ज किए गए सभी अनुबंध / व्यवस्था / लेनदेन व्यापार के सामान्य क्रम में था और यह आर्म लैंथ आधार पर थे।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने संबंधित पक्षों के साथ किसी भी अनुबंध/व्यवस्था/लेनदेन में प्रवेश नहीं किया था, जिसे संबंधित पक्ष लेनदेन की भौतिकता पर कंपनी की नीति के अनुसार महत्वपूर्ण माना जा सकता है। एओसी- 2 में इसी को प्रस्तुत किया गया है जो इस रिपोर्ट के भाग के रूप में **अनुबंध-घ** पर संलग्न है।

वित्तीय वर्ष के समापन के पश्चात कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताएं:

कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई भी महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धता वित्तीय वर्ष के अंत और इस रिपोर्ट की तारीख के बीच के अंतराल में नहीं हुए थे।

राइट इश्यु :

आवंटन की तिथि	आवंटित इक्विटी शेयरों की संख्या (प्रत्येक 10 रूपए के)	आवंटिती का नाम
19 सितंबर 2019	6,00,00,000	इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (धारक कंपनी)

ऊर्जा का संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण, विदेशी मुद्रा अर्जन और आउटगो:

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(3) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एम) के तहत निर्धारित विवरण निम्नानुसार है:

क. ऊर्जा का संरक्षण: -

आपकी कंपनी किसी भी निर्माण गतिविधि में संलिप्त नहीं है और इसलिए कंपनी के विवरण का प्रस्तुतिकरण हमारी कंपनी पर लागू नहीं होता है।

ख. प्रौद्योगिकी अवशोषण: -

आपकी कंपनी किसी भी निर्माण गतिविधि का निष्पादन नहीं कर रही है और इसलिए कंपनी के लिए विशेष रूप से प्रस्तुत करना लागू नहीं है।

ग. विदेशी मुद्रा आय और आउटगो: -

वर्ष 2019-20 के दौरान कोई विदेशी मुद्रा आय और विदेशी मुद्रा आउटगो नहीं था।

जोखिम प्रबंधन:

कंपनी के पास अपनी गतिविधियों के अनुरूप सुदृढ व्यावसायिक जोखिम प्रबंधन ढांचा विद्यमान है, जो व्यापार के जोखिमों की पहचान करने में सक्षम है। बोर्ड की मतानुसार, वर्तमान में कंपनी अपने व्यवसाय के लिए किसी भी बड़े खतरे/जोखिम को नहीं देखती है।

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-135 के अनुसार निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति के गठन की आवश्यकता कंपनी पर लागू नहीं है।

कर्मचारियों के विवरण:

कंपनी (प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5(2) के साथ पठित कंपनी अधिनियम की धारा-134(3) के संदर्भ में वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी के किसी भी कर्मचारी ने प्रतिवर्ष 60 लाख रूपए या उससे अधिक, या प्रति माह 5 लाख रूपए या अधिक का पारिश्रमिक प्राप्त नहीं कर रहे हैं।

व्यवसाय की प्रकृति में परिवर्तन:

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी के व्यवसाय की प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

सार्वजनिक जमा राशि:

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 और कंपनियां (जमा राशि की स्वीकृति) नियम, 2014 के अनुसार अपने सदस्यों से किसी भी जमा राशि को आमंत्रित नहीं किया है।

कंपनी के गोइंग कंसर्न स्थिति और भावी प्रचालनों को प्रभावित करने वाले, विनियामकों न्यायालयों और अधिकरणों के महत्वपूर्ण और तथ्यात्मक आदेश

कंपनी के गोइंग कंसर्न स्थिति और भावी प्रचालनों को प्रभावित करने वाले, विनियामकों, न्यायालयों और अधिकरणों द्वारा काई महत्वपूर्ण और तथ्यात्मक आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता संबंधी विवरण:

कंपनी के पास वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण विद्यमान हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, इस तरह के नियंत्रणों की जांच की गई थी और इसके अभिकल्प और प्रचालन में कोई महत्पपूर्ण तथ्यात्मक कमी नहीं देखी गई थी।

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013:

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की धारा-22 के अनुसार समीक्षाधीन अवधि के दौरान, ऐसी कोई घटना नहीं हुई, जहां यौन उत्पीड़न से संबंधित कोई भी शिकायत दर्ज की गई।

सतर्कता तंत्र:

कंपनी के अधिनियम, 2013 की धारा-177(9) के प्रावधान सतर्कता तंत्र की स्थापना से संबंधित हैं जो कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

समझौता ज्ञापन:

लोक उपक्रम विभाग ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए इरकॉन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से छूट प्रदान की है ।

कंपनी के बैंकर:

इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) का शाखा कार्यालय : प्रथम तल, पालिका भवन, आर.के. पुरम, ब्लॉक बी, सेक्टर-13, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066 में है, जो कंपनी के नाम पर चालू खाता, एस्क्रो खाता खोलने और सावधि जमा (एफडी) के रखरखाव के रूप में सेवाएं प्रदान करने के मामले में कंपनी का एकमात्र बैंकिंग साझेदार है।

आभारोक्ति:

आपके निदेशक समीक्षाधीन वर्ष के दौरान वित्तीय संस्थानों, बैंकों, सरकारी प्राधिकारियों से प्राप्त सहायता और सहयोग हेतु, और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, ऋणदाताओं, व्यावसायिक एसोसिएट्स, कंपनी के लेखापरीक्षक और कंपनी के मूल्यवान ग्राहक- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कंपनी को दी गई मूल्यवान सहायता और सहयोग हेतु सहृदय आभार व्यक्त करते हैं।

आपके निदेशक कंपनी के कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई प्रतिबद्ध सेवाओं के लिए भी उनकी प्रशंसा करते हैं।

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड के
निदेशक मंडल हेतु तथा की ओर से

ह/-
श्याम लाल गुप्ता
अध्यक्ष
डीआईएन: 07598920

दिनांक : 19.08.2020
स्थान : **नई दिल्ली**

प्रबंधन विचारविमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट (एमडीएआर)

प्रबंधन विचारविमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट (एमडीएआर)

औद्योगिक संरचना और विकास:

एनएचएआई द्वारा प्रदान की गई अधिकतर राजमार्ग परियोजनाएं निर्माण, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओटी) परियोजनाएं या हाइब्राइड वार्षिकी (एचएएम) परियोजनाएं हैं।

हाइब्रिड वार्षिकी (एचएएम) परियोजनाएं निर्माण क्षेत्र में, विशेष रूप से पीपीपी मॉडल में सड़क क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजनाएं हैं।

जैसाकि नाम से ही पता चलता है, यह ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रापण और निर्माण) मॉडल और बीओटी (निर्माण, प्रचालन और अंतरण) मॉडल, दोनों का मिश्रण (हाइब्राइड) है।

एचएएम हाइब्राइड - ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रापण और निर्माण) और बीओटी (निर्माण, प्रचालन और अंतरण) मॉडल का मिश्रण है। ईपीसी मॉडल के तहत, एनएचएआई सड़कों को बिछाने के लिए निजी पक्षों को भुगतान करता है। सड़क के स्वामित्व, टोल एकत्रण या अनुरक्षण में निजी पक्षों की कोई भूमिका नहीं होती है (यह सरकार के नियंत्रण में होता है)। एचएएम सड़क विकास के लिए बेहतर वित्तीय तंत्र की आवश्यकता से उत्पन्न हुआ। एचआरएम एक अच्छा व्यापार व्यवस्था है, जो विकासकर्ताओं और सरकार के बीच के जोखिम को बांटता है। बीओटी मॉडल के अंतर्गत, निजी पक्ष सामान्यत 20 वर्ष (निर्माण अवधि सहित) की निर्दिष्ट अवधि के लिए निर्माण, रखरखाव और टोल एकत्रण की जिम्मेदारी लेते हैं। इन 20 वर्षों के दौरान, सभी टोल एकत्रण कार्य ठेकेदार द्वारा किए जाते हैं और उसका अनुरक्षण उसके ही द्वारा किया जाएगा। 20 वर्षों की समाप्ति के पश्चात, सड़क का स्वामित्व एनएचएआई को सौंप दिया जाता है। इस मॉडल में निजी पक्ष निर्माण अवधि के दौरान सम्पूर्ण धनराशि का निवेश करते हैं और टोल एकत्रण के माध्यम से इस राशि (ब्याज लागत सहित) की वसूली की उम्मीद करते हैं। निजी पक्ष को सदैव आरंभिक रोकड़ निर्गम प्रवाह के संबंध में जोखिम बना रहा है।

इस जोखिम और अनिश्चितता को दूर करने के लिए, बीओटी मॉडल वैकल्पिक रूप यथा बीओटी वार्षिकी मॉडल है। इस वार्षिकी मॉडल में, आम तौर पर एनएचएआई द्वारा टोल राजस्व जोखिम स्वयं लिया जाता है, जबकि ठेकेदार को सड़क निर्माण और अनुरक्षण के लिए पूर्व-निर्धारित वार्षिकी का भुगतान किया जाता है।

एचएएम विकासकर्ता और एनएचएआई के बीच जोखिमों को समाप्त करने के लिए मध्यवर्ती दृष्टिकोण है। केवल 60% निवेश करके, विकासकर्ता या रियायतग्राही कंपनी परियोजना निर्माण लागत और संबद्ध वित्तीय देनदारियों को वहन करने में सक्षम हो जाता है। वार्षिकी भुगतान अनुरक्षण अवधि के दौरान विकासकर्ता को स्थिर नकदी प्रवाह सुनिश्चित करता है।

शक्तियां व कमजोरियां:

शक्तियां:

- एमएएच मॉडल के तहत एनएचएआई की अवसंरचनात्मक परियोजनाएं आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित हैं;
- विकासकर्ता की वित्तीय तरलता और वित्तीय जोखिम सरकार द्वारा साझा किया जाता है;
- टोल राजस्व जोखिम प्राधिकरण यथा एनएचएआई द्वारा वहन किया जाता है और इस प्रकार विकासकर्ता राजमार्ग के निर्माण और अनुरक्षण पर ध्यान केन्द्रित कर पाता है।

कमजोरियों:

- प्रकृति में परिवर्तन की संभावना रहती है।
- राजमार्गों से संबंधित निर्माण परियोजनाओं में समय पर परिणाम उत्पादन करने में दक्षता के संबंध समस्याएं आती हैं।

अवसर और जोखिम:

अवसर:

वार्षिकी सड़क परियोजना में, कोई मांग जोखिम नहीं है और परियोजना एसपीवी को आम तौर पर एनएचएआई से एक निश्चित अर्ध-वार्षिक भुगतान मिलता है। इसमें वित्तीय सुरक्षा है जो स्थिरता और संबंधित लाभप्रदता प्रदान करती है।

जोखिम:

चूंकि एनएचएआई 40:60 के अनुपात में एचएएम परियोजनाओं का वित्तपोषण कर रहा है, इसलिए परियोजना के पूरा होने के लिए समय पर धन प्राप्त करने के लिए निधियों की कमी हो सकती है और वार्षिकी के भुगतान में देरी हो सकती है, जिससे चल निधि बेमेल और समय मूल्य हानि दोनों हो सकते हैं, जिससे समय पर सेवा ऋण की क्षमता प्रभावित होती है।

वित्तीय वर्ष 2020 निष्पादन परिदृश्य: वित्तीय

(रूपए लाख में)

विवरण		वित्तीय वर्ष 2019-20
I.	**राजस्व**:	
	प्रचालनों से राजस्व	39,283.50
	अन्य आय	113.66
	कुल राजस्व	39,397.16
II.	**व्यय**:	
	प्रचालनिक लागत	39,283.48
	अन्य व्यय	1.19
	कुल व्यय	39284.67
III.	**करपूर्व लाभ**	112.49
	कराधान हेतु प्रावधान	
	चालू/पूर्ववर्ती वर्ष कर/आस्थगित कर	35.05
IV.	**करपश्चात लाभ/(हानि)**	77.44
V.	**कुल वृहत आय (लाभ(हानि) एवं अन्य वृहत आय सहित)**	77.44

वित्तीय वर्ष 2020 निष्पादन परिदृश्य: भौतिक

खुदाई का कार्य (अर्थवर्क), एसजी, जीएसबी, डब्ल्यूएमएम, डीबीएम बिछाने, मौजूदा बीटी सतह की मिलिंग, आरई वॉल और आरटी वॉल सहित बैक फिलिंग, प्रमुख पुलों की नीव और उपसंरचना, छोटे पुलों, फ्लाईओवर, वीडब्ल्यूपी, एलवीयूपी, पाइप और बॉक्स कल्वेट तथा आरसीसी निकासी का कार्य उपलब्ध क्षेत्रों में शामिल प्रगति पर है।

304+220 वीयूपी रीइन्फोर्समेंट कार्य प्रगति पर

304+220 VUP Reinforcement in Progress

325+233 आरएचएस छोटा पुल

325+233 RHS Minor Bridge

DBM Laying (Lane-2) at 329+500 LHS

329+500 एलएचएस पर डीबीएम बिछाना (लेन-2)

338+500Rhs PUP widening

338+500आरएचएस पीयूपी वाइडनिंग

वित्तीय वर्ष 2020 निष्पादन परिदृश्य: भौतिक

कंपनी ने कार्यपालक कार्यों, वित्तीय मामलों और अनिवार्य अनुपालनों व प्रकटनों के लिए धारक कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड से प्रतिनियुक्ति पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) और कंपनी द्वारा कंपनी सचिव को नियुक्त किया गया है।

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड के
निदेशक मंडल हेतु तथा की ओर से

ह/-
श्याम लाल गुप्ता
अध्यक्ष
डीआईएन: 07598920

दिनांक : 19.08.2020
स्थान : नई दिल्ली

फॉर्म सं.एमजीटी-9

अनुबंध– ख

फॉर्म सं.एमजीटी 9

वार्षिक रिटर्न का सार

31.03.2020 को समाप्त वित्त वर्ष हेत

[कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 92(3) तथा कंपनी (प्रशासन और प्रबंधन) नियम, 2014 के नियम 12(1) के अनुसरण में]

I. पंजीकरण और अन्य ब्यौरा:

1	**सीआईएन**	U45500DL2017GOI317401
2	**पंजीकरण तिथि**	11 मई 2017
3	**कंपनी का नाम**	इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड
4	**कंपनी की श्रेणी/उप-श्रेणी**	सरकारी कंपनी (इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
5	**पंजीकृत कार्यालय का पता व संपर्क ब्यौरा**	सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली -110017
6	**कंपनी सूचीबद्ध है या गैर-सूचीबद्ध**	गैर-सूचीबद्ध कंपनी
7	**रजिस्ट्रार तथा हस्तांतरण एजेंट, यदि कोई हो, का नाम तथा संपर्क ब्यौरा**	लागू नहीं

II. कंपनी की प्रधान व्यवसायिक गतिविधियां: (कंपनी की सभी व्यवसायिक गतिविधियों का उल्लेख किया गया है जो कंपनी के कुल टर्नओवर का 10 प्रतिशत या अधिक का योगदान करती हैं।)

क्र.सं	**मुख्य उत्पाद/ सेवा का नाम और विवरण**	**उत्पाद/सेवाओं का एनआईसी कोड**	**कंपनी के कुल टर्नओवर का प्रतिशत**
1.	कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 (पुराना रा.रा-4) पर राजमार्ग परियोजना निमर्ण की प्रकृति में सेवाएं प्रदान करना : निर्माण सेवाएं: राजमार्ग परियोजना (ईपीसी ठेकेदार के माध्यम से)	42101	100

III. धारक, सहायक तथा संबद्ध कंपनियों का विवरण :

क्र.सं	कंपनी का नाम व पता	सीआईएन/जीएलएन	धारक/सहायक/ संबद्ध कंपनियों	धारित शेयरों का प्रतिशत	लागू अनुच्छेद
1	इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड	L45203DL1976GOI008171	धारक कंपनी	100% *	अनुच्छेद 2(46)

* 100%: 100% शेयर इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) तथा इसके 08 नामितियों के पास हैं ।

IV. शेयर धारिता पैटर्न (कुल इक्विटी के प्रतिशत के रूप में इक्विटी शेयर पूंजी का विवरण)

क) श्रेणीवार शेयर धारिता:

शेयरधारकों की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्य [01अप्रैल 2019 को]				वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या [31 मार्च 2020 को]				वर्ष के दौरान % परिवर्तन
	डीमेट	फिजिकल	कुल	कुल शेयरों का %	डीमेट	फिजिकल	कुल	कुल शेयरों का %	
क. प्रमोटर									
(1) भारतीय									
क) व्यक्तिगत/ एचयूएफ	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) केन्द्र सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) राज्य सरकार(सरकारें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) निकाय निगम#	शून्य	104050000	104050000	100%	शून्य	164050000	164050000	100%	57.66%
ड.) बैंक/वित्तीय संस्थान	-			-	-	-	-	-	-
च) कोई अन्य	-			-	-	-	-	-	-
(2) विदेशी	-			-	-	-	-	-	-
प्रमोटरों की कुल शेयरधारिता (क)	**शून्य**	**104050000**	**104050000**	**100%**	**शून्य**	**164050000**	**164050000**	**100%**	**57.66%**
ख. जन शेयरधारिता									
1. संस्थान									
क) म्युचवल फंड	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) बैंक / वित्तीय संस्थान	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) केन्द्र सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) राज्य सरकार (सरकारें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ड.) उपक्रम पूंजी निधियां	-	-	-	-	-	-	-	-	-
च) बीमा कंपनियां	-	-	-	-	-	-	-	-	-
छ) एफआईआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-

ज) विदेशी उपक्रम पूंजी निधियां	-	-	-	-	-	-	-	-	-
झ) अन्य (बताएं)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप कुल (ख)(1):-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
2. गैर-संस्थागत									
क) निकाय निगम	-	-	-	-	-	-	-	-	-
i) भारतीय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ii) विदेशी	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) व्यक्ति	-	-	-	-	-	-	-	-	-
i) 1 लाख रूपए तक सांकेतिक शेयर पूंजी धारक व्यक्तिगत शेयरधारक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ii) 1 लाख रूपए से अधिक सांकेतिक शेयर पूंजी धारक व्यक्तिगत शेयरधारक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) अन्य (स्पष्ट करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
अप्रवासी भारतीय विदेशी निगमित निकाय	- -	- -	- -	- -	- -	- -	- -	- -	- -
विदेशी राष्ट्रीय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
क्लियरिंग सदस्य	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ट्रस्ट	-	-	-	-	-	-	-	-	-
विदेशी निकाय-डीआर	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उपकुल(ख)(2):-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
कुल सार्वजनिक शेयरधारिता (ख)=(ख)(1)+ (ख)(2)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग. जीडीआर तथा एडीआर के लिए कस्टोडियन द्वारा धारित शेयर	-	-	-	-	-	-	-	-	-
सकल योग (क+ख+ग)	**शून्य**	**104050000**	**104050000**	**100%**	**शून्य**	**164050000**	**164050000**	**100%**	**57.66%**

निकाय निगम: 100% शेयरधारिता निगमित निकाय – इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड और इसके 08 नामितियों के पास है।

ख) प्रमोटरों की शेयरधारिता:

क्र.सं	शेयरधारक का नाम	वर्ष के आरंभ में 1 अप्रैल 2019 को शेयरधारिता			वर्ष के आरंभ में 31 मार्च 2020 को शेयरधारिता			वर्ष के दौरान शेयरधारिता % में परिवर्तन
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	कुल शेयरों में प्रतिभूति/ऋणयुक्त शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	कुल शेयरों में प्रतिभूति/ ऋणयुक्त शेयरों का %	
1	इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड$	104050000	100%	शून्य	164050000	100%	शून्य	57.66%
	कुल	**104050000**	**100%**	**शून्य**	**164050000**	**100%**	**शून्य**	**57.66%**

प्रमोटरों की शेयरधारिता: कंपनी प्रत्येक 10 रूपए के 16,40,49,100 इक्विटी शेयरों के साथ कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है अर्थात सम्पूर्ण शेयरधारिता भारतीय प्रमोटरों के पास है। अन्य 08 शेयरधारक **इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड हेतु और की ओर से शेयरों को धारित कर रहे हैं।**

ग) प्रमोटरों की शेयरधारिता में परिवर्तन :

क्र सं	विवरण		वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता*		वर्ष के दौरान संचित संचयी शेयरधारिता *	
			शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %
1.	वर्ष के आरंभ में		104050000	100%	104050000	100%
2.	वृद्धि/कमी के लिए कारणों को दर्शाते हुए वर्ष के दौरान प्रमोटरों की शेयरधारिता में वृद्धि/कमी का तारीख-वार ब्यौरा (उदाहरण के लिए: आवंटन/हस्तांतरण/बोनस/स्वीट इक्विटी आदि):					
	आवंटन तिथि	कारण				
	19.09.2019*	राइट इश्यु	60000000	100%	164050000	100%
3.	वर्ष के अंत में		164050000	100%	164050000	100%

घ) दस शीर्ष शेयरधारों की शेयरधारिता पैटर्न :

(निदेशकों, प्रमोटरों तथा जीडीआर व एडीआर के धारकों से इतर):

क्र.सं	प्रत्येक 10 शीर्ष शेयरधारकों हेतु	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता*		वर्ष के दौरान संचित संचयी शेयरधारिता *	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %
	वर्ष के आरंभ में	लागू नहीं।			
	वृद्धि/कमी के लिए कारणों को दर्शाते हुए वर्ष के दौरान प्रमोटरों की शेयरधारिता में वृद्धि/कमी का तारीख-वार ब्यौरा (उदाहरण के लिए: आवंटन/हस्तांतरण/बोनस/स्वीट इक्विटी आदि):				
	वर्ष के अंत में				

ड.) निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों की शेयरधारिता:

निदेशक(निदेशकों) का नाम #	प्रत्येक निदेशक (निदेशकों) और प्रत्येक प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक की शेयरधारिता	31 मार्च 2019 को वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		31 मार्च 2020 के दौरान संचित संचयी शेयरधारिता	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का %
	वर्ष के आरंभ में	शून्य			
	वृद्धि/कमी के लिए कारणों को दर्शाते हुए वर्ष के दौरान प्रमोटरों की शेयरधारिता में वृद्धि/कमी का तारीख-वार ब्यौरा (उदाहरण के लिए: आवंटन/हस्तांतरण/बोनस/स्वीट इक्विटी आदि):				
	वर्ष के अंत में				

**इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड हेतु और की ओर से कंपनी के निदेशकों यथा श्री अशोक कुमार गोयल द्वारा प्रति 10 रूपए के 200 इक्विटी शेयर धारित हैं और श्री श्याम लाला गुप्ता, श्री सुरजीत दत्ता, श्री राजेन्द्र सिंह यादव और श्री बसंत रकुमार, द्वारा प्रति 10 रूपए के 100 शेयर धारित हैं।*

च) ऋणग्रस्तता – कंपनी की ऋणग्रस्तता में बकाया/संचित किन्तु भुगतान के अदेय ब्याज शामिल है।

विवरण	जमा राशियों सहित रक्षित ऋण	अरक्षित ऋण	जमा राशियां	कुल ऋणग्रस्तता
वर्ष के आरंभ में ऋणग्रस्तता		-	-	
i) मूल राशि	130,00,00,000			130,00,00,000
ii) देय किन्तु अप्रदत्त ब्याज	-			-
iii) संचित किन्तु अदेय ब्याज	-			-
कुल (i+ii+iii)	शून्य			
वित्त वर्ष के आरंभ में ऋणग्रस्तता में परिवर्तन				
* संवर्धन	139,22,00,000	-	-	139,22,00,000
* आवर्धन	-	-	-	-
निवल परिवर्तन	शून्य			
वित्त वर्ष के अंत में ऋणग्रस्तता में परिवर्तन				
i) मूल राशि	26,922,00,000			26,922,00,000
ii) देय किन्तु अप्रदत्त ब्याज	-			-
iii) संचित किन्तु अदेय ब्याज	-			-
कुल (i+ii+iii)	26,922,00,000			

V. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक -

क. प्रबंध निदेशक, पूर्णकालीन निदेशकों तथा/या प्रबंधक का पारिश्रमिक:

क्र.सं	परिश्रमिक का विवरण @	एमडी/डब्ल्यूटीडी/प्रबंधक का नाम	कुल राशि
1.	सकल वेतन		
	1. आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(1) में अंतर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार वेतन		

	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(2) के अंतर्गत परिलब्धियों का मूल्य	**लागू नहीं**
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(3) के अंतर्गत वेतन के स्थान पर लाभ	
2.	स्टॉक ऑप्शन	
3.	स्वीट क्विटी	
4.	कमिशन - लाभ के % के रूप में - अन्य, बताएं…	
5.	अन्य, कृपया बताएं	
	कुल (क) $	
	अधिनियम के अनुसार सीमा	

ख. अन्य निदेशकों का पारिश्रमिक:

क्र.सं	**पारिश्रमिक का विवरण @**	**निदेशकों का नाम**	**कुल राशि**
		लागू नहीं	
1	स्वतंत्र निदेशक		
	बोर्ड समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिए शुल्क		
	कमिशन		
	अन्य, कृपया बताएं		
	कुल (1)		
2	अन्य गैर कार्यपालक निदेशक		
	बोर्ड समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिए शुल्क		
	कमिशन		
	अन्य, कृपया बताएं		
	कुल (2)		
	कुल (ख)=(1+2) $		
	कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक		
	अधिनियम के अनुसार समग्र सीलिंग		

@ इरकॉन डीएचएचएल में वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान पांच गैर कार्यपालक (नामिति) निदेशक कंपनी के बोर्ड में हैं जो बैठक शुल्क या कमिशन के रूप में शुन्य पारिश्रमिक प्राप्त कर रहे हैं।

ग. प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक (प्रबंध निदेशक /प्रबंधक /डब्ल्येटीडी) का पारिश्रमिक:

क्र.सं	पारिश्रमिक का विवरण #	प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक			
		सीईओ#	**सीएस**	**सीएफओ**	**कुल**
1	सकल वेतन				
	(क) आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(1) में अंतर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार वेतन	10,57,581	4,23,093	12,26,700	27,07,374
	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(2) के अंतर्गत परिलब्धियों का मूल्य	-	-	-	-
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(3) के अंतर्गत वेतन के स्थान पर लाभ	-	-	-	-
2	स्टॉक ऑप्शन	-	-	-	-
3	स्वीट क्विटी	-	-	-	-
4	कमिशन				
	- लाभ के % के रूप में	-	-	-	-
	अन्य, बताएं...	-	-	-	-
5	अन्य, कृपया बताएं				
	-निष्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीआरपी)		-	1,29,082	1,29,082
	-सेवानिवृत्ति लाभ (पेंशन, भविष्य निधि)	1,29,910	50,774	3,25,078	5,05,762
	कुल	**11,87,491**	**4,73,867**	**16,80,860**	**33,42,218**

VI. जुर्माना/दंड/अपराधों की आवृति:

प्रकार	**कंपनी अधिनियम का अनुच्छेद**	**संक्षिप्त विवरण**	**जुर्माना/दंड/अपराधों की आवृति का ब्यौरा**	**प्राधिकार [आरडी /एनसीएलटी /न्यायालय]**	**की गई अपील, यदि कोई है(ब्यौरा दें)**
क. कंपनी					
जुर्माना					
दंड					
कंपाउंडिंग					
ख. निदेशक					
जुर्माना					
दंड					
कंपाउंडिंग					
ग. चूककर्ता अन्य अधिकारी					
जुर्माना					
दंड					
कंपाउंडिंग					

*कंपनी अधिनियम 2013 के 179 (3) के साथ पढ़े गए धारा-177 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए आंतरिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति से संबंधित प्रपत्र एमजीटी-14 को निर्धारित समय में दायर नहीं किया गया था। उल्लेखनीय है कि देरी के लिए क्षमा याचिका पत्र वित्तीय वर्ष 2020-21 में फॉर्म सीजी-1 में दायर किया गया था।

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड के
निदेशक मंडल हेतु तथा की ओर से

ह/-
श्याम लाल गुप्ता
अध्यक्ष
डीआईएन: 07598920

दिनांक : 19.08.2020
स्थान : नई दिल्ली

अनुबंध-ग

निगमित शासन रिपोर्ट

निगमित शासन (कॉर्पोरेट गवर्नेंस) एक नैतिकतापूर्ण व्यवसायिक प्रक्रिया है, जो एक संगठन की धन सृजन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से मूल्यों की प्रतिबद्ध है। सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी **"कॉर्पोरेट प्रशासन के उपायों"** के पालन पर ध्यान केंद्रित करती है ताकि कुशल व्यावसायिक कार्यप्रणाल को अपनाया जा सके और संव्यवहारों में पारदर्शिता को प्रभावी बनाया जा सके। हमारा कॉर्पोरेट प्रशासन ढांचा हमारे प्रबंधन और हमारे हितधारकों के साथ प्रभावी संबंधों को सुनिश्चित करता है और इस परिवर्तनशील समय के साथ विकसित होने में हमारी मदद करता है।

1. कंपनी का दर्शन और शासन

इरकॉन डीएचएचएल, इरकॉन की पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी है, जिसने अपने गठन से ही अपने सत्यनिष्ठा, निर्णय निर्धारण, जवाबदेही, उपयुक्त प्रकटन और अनुपालन, पारदर्शिता का अनुपालन करने पर ध्यान केन्द्रित किया है। विविध सांविधिक प्राधिकरणों को समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने और निगमित प्रक्रियाओं को सुचारू बनाने के लिए प्रक्रियाएं और प्रणालियां अपनाई गई हैं और उन्हें निर्धारित किया गया है। कंपनी द्वारा धारक कंपनी, इरकॉन की तर्ज पर निगमित कार्य और शासन तंत्रों के प्रबंधन के लिए कार्मिकों के मध्य क्रियात्मक आधारित भूमिकाएं सौंपी हैं।

कंपनी के शेयरधारकों और अन्य स्टेकधारकों के हितों की रक्षा के लिए कंपनी की कार्यप्रणाली पर प्रभावी नियंत्रण रखकर सुशासन का अनुसरण किया जा रहा है।

2. निदेशक मंडल

2.1 निदेशक मंडल की संरचना:-

कंपनी के संगम अनुच्छेद (एओए) के अनुच्छेद-54 के अनुसार दिनांक 31 मार्च, 2020 तक हमारे बोर्ड में पाँच सदस्य शामिल थे, जिसमें सभी निदेशक धारक कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) द्वारा नियुक्त किए गए थे, जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है : -

क्र.सं	निदेशक	श्रेणी	नियुक्ति की तिथि	कार्यमुक्ति की तिथि
1.	श्री श्याम लाल गुप्ता *[डिन 07598920]*	अंशकालीन अध्यक्ष	01.11.2019	-
2.	श्री दीपक सबलोक *[डिन 03056457]*	अंशकालीन अध्यक्ष	11.05.2017	31.10.2019
3.	श्री अशोक कुमार गोयल *[डिन05308809]*	अंशकालीन निदेशक	11.05.2017	-
4.	श्री आनन्द कुमार सिंह *[[डिन 07018776]*	अंशकालीन निदेशक	11.05.2017	04.09.2019
5.	श्री राजेन्द्र सिंह यादव *[डिन 07752915]*	अंशकालीन निदेशक	11.05.2017	19.09.2019
			27.01.2020	-
6.	श्री बसंत कुमार *[डिन 08556555]*	अंशकालीन निदेशक	19.09.2019	-
7.	श्री सुरजीत दत्ता *[[डिन 06687032]*	अंशकालीन निदेशक	05.09.2019	-
8.	सुश्री अनुपम बेन *[[डिन 07797026]*	अंशकालीन निदेशक	11.05.2017	30.08.2019

2.2 बोर्ड की बैठकें

बोर्ड की बैठकों का आयोजन लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी कॉर्पोरेट प्रशासन पर दिशानिर्देशों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 और कंपनियों (बोर्ड की बैठक और उनकी शक्तियां) नियमों, 2014 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। विशिष्ट तत्काल आवश्यकता के अनुसार बैठकों को कभी-कभी अल्प सूचना पर भी बुलाया जाता है। आपात स्थितियों या तात्कालिकता के मामले में, परिपत्रण द्वारा भी संकल्प पारित किए जाते हैं। निदेशक मंडल की बैठकें सामान्यतः नई दिल्ली में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाती हैं।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, दस (10) बोर्ड बैठकें आयोजित की गईं। पहली बैठक दिनांक 8 अप्रैल, 2019 को हुई थी और तत्पश्चात बैठकें दिनांक 2 मई, 29 जुलाई, 23 अगस्त, 19 सितंबर, 16 अक्टूबर, 24 अक्टूबर, 18 दिसंबर, 2019, 27 जनवरी, 2 मार्च, 2020 को आयोजित की गईं थीं। इस अवधि के दौरान किसी भी दो बैठकों के बीच अधिकतम अंतराल 88 दिन था।

नीचे दी गई तालिका में बोर्ड की बैठकों की संख्या दर्शाई गई है, जिसमें उपस्थित निदेशकों और अंतिम वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में उपस्थित दर्शाई गई है। यह तालिका वर्ष 2019-20 के दौरान उनके द्वारा धारित अन्य निदेशक पद/ समिति सदस्यताओं को भी दिखाती है:

निदेशक का नाम	संबंधित निदेशकों के कार्यकाल में आयोजित बैठकें	बोर्ड बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित रहे	एजीएम में उपस्थिति (26.08.2019 को आयोजित)	अन्य सार्वजनिक कंपनियों में निदेशक पद	अन्य सार्वजनिक समितियों में समिति पदों की संख्या	
					अध्यक्ष	सदस्य
श्री श्याम लाल गुप्ता (01.11.2019 से)	3	3	लागू नहीं	**8** [इरकॉन, सीईडब्ल्यूआरएल, सीईआरएल, एमसीआरएल, इरकॉन पीबीटीएल, बीआरपीएल, इरकॉन एसजीटीएल, इरकॉन वीकेईएल]	**-**	**3**
श्री दीपक सबलोक (31.10.2019 से)	7	7	हां	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
श्री अशोक कुमार गोयल	10	10	हां	**5** [आईएसटीपीएल, इरकॉन पीबीटीएल, इरकॉन एसजीटीएल, इरकॉन वीकेईएल]	**3**	**2**
श्री आनन्द कुमार सिंह (04.09.2019 से)	4	4	हां	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

श्री राजेन्द्र सिंह यादव (19.09.2019 से तत्पश्चात 27.01.2020 से)	7	5	हां	**3 [इरकॉनपीबीटीएल, इरकॉन एसजीटीएल तथा इरकॉन वीकेईएल]**	**-**	**1**
सुश्री अनुपम बेन (30.08.2019 से)	4	4	हां	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
श्री बसंत कुमार (19.09.2019 से)	6	6	लागू नहीं	शून्य	शून्य	शून्य
श्री सुरजीत दत्ता (05.09.2019 से)	6	6	लागू नहीं	**3 [इरकॉन आईएसएल, इरकॉन एसजीटीएल तथा इरकॉन वीकेईएल]**	**1**	**2**

टिप्पणियाँ:

1. सुश्री अनुपम बेन दिनांक 30.08.2019 से कंपनी के निदेशक पद से पदमुक्त हुईं और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से नामित शेयरधारक के रूप में उनके द्वारा धारित 100 शेयरों को श्री बसंत कुमार को प्रष्ठांकित किया गया है।

   (श्री बसंत कुमार दिनांक 31.07.2020 से कंपनी के निदेशक पद से पदमुक्त हुईं और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से नामित शेयरधारक के रूप में उनके द्वारा धारित 100 शेयरों को श्री बी मुगंथन को प्रष्ठांकित किया गया है)।
2. श्री आनंद कुमार सिंह, दिनांक 04.09.2019 से कंपनी के निदेशक पद से पदमुक्त हुईं और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से नामित शेयरधारक के रूप में उनके द्वारा धारित 100 शेयरों को श्री सुरजीत दत्ता को प्रष्ठांकित किया गया है।
3. श्री दीपक सबलोक दिनांक 31.10.2019 से कंपनी में अध्यक्ष एवं निदेशक के पद से पदमुक्त हुए हैं।
4. कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निदेशकों की संख्या 20 कंपनियों (जिसमें से अधिकतम 10 सार्वजनिक कंपनियां हैं) की अधिकतम सीमा के भीतर है।

5. निदेशक एक-दूसरे से संबंधित नहीं हैं।

6. निदेशकों का कंपनी के साथ कोई विशिष्ट संबंध या लेन-देन नहीं है।

7. निदेशक पद/समिति की सदस्यता संबंधी सूचना निदेशकों से प्राप्त नवीनतम प्रकटीकरण पर आधारित है।

8. सभी सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों की लेखा समितियों के सदस्यों पर विचार किया गया है।

9. डीपीई कॉर्पोरेट प्रशासन दिशानिर्देश, 2010 (डीपीई दिशानिर्देश) के तहत निदेशकों की समिति की संख्या पांच अध्यक्षों की अनुमत सीमा सहित दस की अधिकतम सीमा के भीतर है। उक्त सीमा के लिए केवल लेखापरीक्षा समिति की गणना की जानी है।

10. कंपनियों के पूर्ण नाम निम्नानुसार विनिर्दिष्ट:

    क) इरकॉन - इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड

    ख) इरकॉनआईएसएल - इरकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड

    ग) आईएसटीपीएल - इरकॉन-सोमा टोलवे प्राइवेट लिमिटेड

    घ) इरकॉनपीबीटीएल - इरकॉन पीबी टोलवे लिमिटेड

    ड.) इरकॉनएसजीटीएल - इरकॉन शिवपुरी गुना टोलवे लिमिटेड

    च) सीईआरएल - छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड

    छ) सीईडब्ल्यूआरएल - छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेलवे लिमिटेड

    ज) एमसीआरएल - महानदी कोल रेलवे लिमिटेड

    झ) इरकॉनवीकेईएलल - इरकॉन वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड

    ट) इरकॉनडीएचएचएल - इरकॉन देवांगरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड

    ड) बीआरपीएल - बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड

3. बोर्ड की समितियां

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष में बोड की दो समितियां थीं: लेखापरीक्षा समिति और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति।

3.1 संरचना:

दिनांक 02 मार्च, 2020 को समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं:

निदेशक का नाम	लेखापरीक्षा समिति	नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति
श्री राजेन्द्र सिंह यादव (27.01.2020 से)	सदस्य	अध्यक्ष
श्री बसंत कुमार (19.09.2020 से)	सदस्य	सदस्य
श्री सुरजीत दत्ता (19.09.2020 से)	अध्यक्ष	सदस्य

कंपनी सचिव इन समितियों के सचिव हैं।

नोट: दिनांक 19 सितंबर, 2019 और 27 जनवरी, 2020 को समितियों का पुनर्गठन किया गया और 02 मार्च, 2020 से इन्हें भंग कर दिया गया।

3.2 बैठकें और उपस्थिति:

वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, लेखापरीक्षा समिति की छह (6) बैठकें आयोजित की गईं और नामांकन और पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई। पहली बैठक दिनांक 2 मई, 2019 और तत्पश्चात बैठकें क्रमशः दिनांक 29 जुलाई, 23 अगस्त, 24 अक्टूबर, 18 दिसंबर, 2019 और 27 जनवरी, 2020 को आयोजित की गईं। सदस्यों द्वारा भाग लेने वाली लेखापरीक्षा समिति की बैठकों का विवरण निम्नानुसार है:

समिति के सदस्य	लेखापरीक्षा समिति	
	उनके कार्यकाल में आयोजित बैठक	**बैठकों में शामिल**
श्री अशोक कुमार गोयल (27.01.2020 तक)	**6**	**6**
श्री आनन्द कुमार सिंह (अध्यक्ष: 18.07.2018 से 04.09.2019)	**3**	**3**
सुश्री अनुपम बेन (सदस्य : 18.07.2018 से 30.08.2019)	**3**	**3**
श्री राजेन्द्र सिंह यादव (18.07.2018 से 19.09.2019 तत्पश्चात 27.01.2020 से)	**3**	**2**
श्री बसंत कुमार (19.09.2019 से)	**3**	**3**
श्री सुरजीत दत्ता (19.09.2019 से)	**3**	**3**

4. निदेशकों का पारिश्रमिक:

कोई भी निदेशक कंपनी से बैठक में भाग लेने के लिए कोई पारिश्रमिक और बैठक नहीं लेता है।

5. सामान्य बैठकें:

पारित विशेष संकल्प सहित पिछली तीन आम बैठकें की दिनांक, समय और स्थान का विवरण निम्नानुसार हैं:

5. साधारण बैठकें:

पिछले दो वर्षों के दौरान शेयरधाराकों की बैठकों का ब्यौरा नीचे तालिका में दर्शाया गया है:

वित्तीय वर्ष	बैठक की तारीख	समय	स्थान/ स्थल	विशेष कार्य
2017-18 (प्रथम ईजीएम)	1 जुलाई,2017	1500 बजे	सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017	• कंपनी के संगम अनुच्छेद के उद्देश्य खंड में संशोधन करना। • कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180(1)(ग) के तहत प्रदत्त पूंजी और मुक्त आरक्षित निधि से अधिक कंपनी की उधारकर्ता शक्तियां।
2017-18 (दूसरी एजीएम)	15 जनवरी,2018	1230 बजे	सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017	• शेयर पूंजी में वृद्धि करना और परिणामस्वरूप कंपनी की समझौता ज्ञापन में परिवर्तन करना। • कंपनी के समझौता ज्ञापन में परिवर्तन।
2017-18 (प्रथम एजीएम)	27 सितंबर, 2018	1330 बजे	सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017	शून्य
2018-19 (दूसरी एजीएम)	26 अगस्त, 2019	1530 बजे	सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017	वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कंपनी ने मैसर्स रवि साहनी एंड कंपनी, लागत लेखाकारों के लागत लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक में संशोधन करने हेतु।

6. 31 मार्च 2020 को शेयरधारिता

शेयर धारकों का नाम	इक्विटी शेयरों की संख्या (प्रति10	शेयरधारण का प्रतिशत
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (धारक कंपनी)	16,40,49,100	99.99
अशोक कुमार गोयल *	200	नगणय
श्याम लाल गुप्ता*	100	नगणय
योगेश कुमार मिश्रा *	100	नगणय
सुरजीत दत्ता *	100	नगणय
पराग वर्मा*	100	नगणय
सुभाष चंद*	100	नगणय
बसंत कुमार*	100	नगणय
राजेन्द्र सिंह यादव*	100	नगणय
कुल	**16,40,50,000**	**100**

** नामिती शेयरधारकों द्वारा धारित शेयर इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से धारित हैं।*

7. प्रकटीकरण और सांविधिक शिकायतें: -

निदेशक के हित, संबंधित पक्ष संव्यवहार, सांविधिक रजिस्टरों के अनुरक्षण से संबंधित पर्याप्त प्रकटन समय-समय किया जाता है और निदेशक मंडल के समक्ष आवधिक रूप से इसे प्रस्तुत किया जाता है ताकि विशिष्ट प्रत्यायोजन की स्पष्ट नीति का अनुसरण करते हुए तथा व्यावसायिक मुद्दों की व्यवस्था हेतु नामित अधिकारियों को प्राधिकृत करके बोर्ड द्वारा उचित निर्णय लिए जा सकें। प्रकटीकरण, सूचनाओं, आवंटनों और नियुक्तियों के संबंध में एमसीए फाइलिंग को समयबद्ध आधार पर बिना किसी लंबन के प्रस्तुत किया जाता है।

8. सीईओ / सीएफओ प्रमाणन

मुख्य कार्यपालक अधिकारी और मुख्य वित्त अधिकारी ने वित्तीय विवरणों की सत्यता और निष्पक्षता, उचित अनुपालन, और वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में लिखित रूप में प्रमाणित किया है जो निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया गया था (इस रिपोर्ट में **अनुबंध-ग1** के रूप में प्रस्तुत)।

9. कॉर्पोरेट प्रशासन दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए प्रमाण पत्र

डीपीई दिशानिर्देश, 2010 प्रमाणपत्र निर्धारित करता है, जिसे कंपनी द्वारा अनुसरण की जा रही निगमित शासन दिशानिर्देशों के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों से या पेशेवर कंपनी सचिव से प्राप्त यिका जाता है। (अध्याय 8: रिपोर्ट, अनुपालन और क्रियान्वयसन अनुसूची - खंड 8.2: अनुपालन)।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए उक्त प्रमाण पत्र पेशेवर कंपनी सचिव (पीसीएस), अरुण कुमार गुप्ता और एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, जिनका कार्यालय रूट्स टॉवर, प्लॉट नंबर-7, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, लक्ष्मी नगर, दिल्ली - 110092 में है, से प्राप्त किया गया है और **अनुबंध-सी 2** के रूप में संलग्न है।

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड के
निदेशक मंडल हेतु तथा की ओर से

ह/-
(श्याम लाल गुप्ता)
अध्यक्ष
डीआईएन: 07598920

दिनांक : 19.08.2020
स्थान : नई दिल्ली

अनुबंध-ग1

मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) का प्रमाणन

हमने अपनी सर्वोत्तम जानकारी व विश्वास के साथ वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए वित्तीय विवरणों सहित तुलन पत्र, लाभ हानि विवरण, रोकड़ प्रवाह विवरण की समीक्षा की है-:

(i) इन विवरणों में किसी प्रकार के सामग्रीगत असत्य विवरण या किसी तथ्यात्मक विवरण को हटाया नहीं गया है, या गुमराह करने वाले विवरण विद्यमान नहीं हैं।

(ii) ये विवरण समग्र रूप में कंपनी के कार्य का वास्तविक व सही दृश्य प्रस्तुत करते हैं तथा ये विवरण मौजूदा लेखांकन मानकों, लागू कानूनों तथा विनियमों के अनुपालन के अनुरूप हैं।

(iii) हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के आधार पर कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान कोई धोखाधड़ी, अवैध या कानूनों की आचार संहिता के उल्लंघन का कोई संव्यवहार नहीं किया गया है, जैसा कि कंपनी के निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा अनुसरण किए जाने की सहमति हुई है।

(iv) हम आतंरिक नियंत्रण स्थापित करने व बनाए रखने के लिए उत्तरदायित्व को स्वीकार करते हैं तथा हमने कंपनी में एक कुशल आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तैयार की है। हमने आंतरिक नियंत्रणों और इनमें कमियों को दूर करने के लिए उठाए गए या प्रस्तावित कदमों के संबंध में लेखापरीक्षाओं तथा लेखापरीक्षा समिति को बताया है, जिनके बारे में हम जानते हैं।

(v) हमने वर्ष के दौरान लेखांकन नीतियों में परिवर्तनों को लेखापरीक्षक तथा लेखापरीक्षा समिति को इंगित कर दिया है, और इन्हें वित्तीय विवरणों के नोटों में प्रकट कर दिया गया है, और

(vi) हमारी जानकारी में धोखाधड़ी का कोई मामला सामने नहीं आया है और ना ही कंपनी को आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रबंधन या कर्मचारी के बार में ऐसी कोई जानकारी प्राप्त हुई है।

ह/-	**ह/-**
श्री नगनगौडा हनुमंथगौडा पाटिल	**सुश्री रचना तोमर**
मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)	**मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ)**

दिनांक: 24.06.2020
स्थान: नई दिल्ली

अनुबंध-ग2

लोक उपक्रम विभाग के निगमित शासन दिशानिर्देशों के अंतर्गत निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन संबंधी प्रमाणपत्र

सेवा में,

सदस्य,

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड,

सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत,

नई दिल्ली-110017

दिनांक 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन के संबंध में, कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 2(45) (कंपनी अधिनियम, 1956 के अनुच्छेद 2(18) तथा 617) के अंतर्गत एक सरकारी कंपनी होने के कारण इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड को सार्वजनिक उपक्रम विभाग द्वारा जारी निगमित शासन दिशानिर्देशों का अनुपालन करना अपेक्षित है।

हमने निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत उक्त कंपनी के कार्पोरेट शासन की रिपोर्ट का अध्ययन किया है। हमने कंपनी द्वारा अनुरक्षण किए गए संगत रिकार्डों एवं दस्तावेजों की भी जांच की है और इस संबंध में हमारी समीक्षा के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

कार्पोरेट शासन की शर्तों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रबंधन की है। हमारी जांच उन क्रिया विधियों और उनके क्रियान्वयन तक सीमित है जिन्हें कंपनी ने कार्पोरेट शासन की शर्तों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अपनाया है। यह न तो लेखापरीक्षा है और न कंपनी के वित्तीय विवरणों पर हमारे मत की अभिव्यक्ति है।

हम स्पष्ट करते हैं कि वर्ष के दौरान कंपनी के विरूद्ध निवेशक संबंधी कोई शिकायत नहीं है, जैसाकि कंपनी द्वारा तैयार किए गए रिकार्डों से पता चलता है।

इसके अतिरिक्त, हम स्पष्ट करते हैं कि इस प्रकार का अनुपालन न तो कंपनी की भावी व्यवहार्यता के प्रति और न ही प्रबंधन द्वारा कंपनी के मामलों के संचालन के संबंध में दक्षता या प्रभावशीलता के प्रति आश्वासन है।

हमारे मतानुसार और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के आधार पर और हमारी समीक्षा तथा हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, हम यह प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा जारी कॉरपोरेट गवर्नेंस पर दिशानिर्देश के अनुसार सभी तथ्यात्मक संदर्भ में कॉर्पोरेट शासन की अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन किया है, केवल निम्न को छोड़कर यथा डीपीई निगमित शासन दिशानिर्देश, 2010 के प्रावधानों के तहत स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति और त्रैमासिक रिपोर्टें प्रस्तुत करने को छोड़कर। हालांकि यह ज्ञात है कि चूंकि कंपनी का गठन विशेष कार्य योजना (एसपीवी) के रूप में किया गया है, जिसे सार्वजनिक उपक्रम विभाग (डीपीई) द्वारा अपने दिनांक 11 जुलाई, 2019 और 8 जुलाई, 2014 के कार्यालय ज्ञापन के तहत जारी निगमित प्रशासन दिशानिर्देशों के अंतर्गत स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने, त्रैमासिक रिपोर्ट और अन्य अनुपालन प्रस्तुत से छूट प्राप्त है, जिसकी पुष्टि इसकी धारक कंपनी अर्थात इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा 28 जनवरी, 2020 को ई-मेल से की गई है। तत्पश्चात, कंपनी ने अपनी लेखापरीक्षा कमेटी और नामांकन और पारिश्रमिक समिति को दिनांक 02 मार्च, 2020 को निरस्त कर दिया।

आगे यह उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त विचार कंपनी द्वारा अनुरक्षित सहायक दस्तावेजों तथा पत्राचार फाइलों और सचिवीय व अन्य सांविधिक रिकार्डों सहित कंपनी द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर है।

कृते अरूण कुमार गुप्ता एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

ह/-
(अरूण कुमार गुप्ता)
एफसीएस- 5551
सीपी सं.- 5086
यूडीआईएन: -F005551B000579951

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 14.08.2020

अनुबंध-घ

फार्म सं. एओसी-2

(अधिनियम के अनुच्छेद 134 के उप-अनुच्छेद (3) के खंड (एच) तथा कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8 (2) के अनुसरण में)

कंपनी अधिनियम,2013 के अनुच्छेद 188 के उप-अनुच्छेद (1) में संदर्भित संबंधित पक्षों के साथ कंपनी द्वारा की गई संविदाओं/व्यवस्थाओं तथा इसके तीसरे प्रावधान के अंतर्गत कतिपय आर्मस लैंथ संव्यवहारों के विवरण के प्रकटन के लिए फार्म

(वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु)

****

क्र.सं.	संबंधित पक्ष का नाम और संबंध की प्रकृति	संविदा/व्यवस्थाओं/संव्यवहारों की अवधि	मूल्य, यदि कोई हो, सहित संविदा/व्यवस्थाओं/ संव्यवहारों की प्रमुख शर्तें	बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तिथि तिथियां), यदि कोई हो:	अग्रिम के रूप में प्रदत्त राशि, यदि कोई हो
1.	**ईपीसी करार** (इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को कर्नाटक राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-4) के किमी 260+000 से किमी 338+923 तक देवांगेरे हवेरी को छह लेन का बनाने के परियोजना कार्य के निष्पादन के लिए ईपीसी के रूप में नियुक्त करने हेतु।	अनुमानित अवधि: 30 महीने (ईपीसी संविदाकार द्वारा निर्माण हेतु अवधि)	इस संविदा को 12 प्रतिशत की जीएसटी दर सहित 1026.96 करोड़ रूपए मूल्य हेतु निष्पादित किया गय है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान इसकेलिए इरकॉन को भुगतान किए गए कार्य व्यय की राशि 37185.90 लाख रूपए है।	20 फरवरी 2018 तथा 9 नवंबर 2017	शून्य (आज की तिथि को)

2.	**पट्टा करार** (कार्यालय परिसर के प्रयोग हेतु किराया)	तीन वर्ष (2018 से 2021)	इरकॉन डीएचएचएल ने 19,305/- रूपए प्रतिमाह जमा जीएसटी की दर से दिनांक 15.05.2018 से 3 वर्ष की अधि के लिए 9 अगस्त 2018 को पट्टा करार पर हस्ताक्षर किए हैं।	-	शून्य (आज की तिथि को)

इरकॉन देवांगेरे-हवेरी राजमार्ग लिमिटेड के
निदेशक मंडल हेतु तथा की ओर से

ह/-

श्याम लाल गुप्ता
अध्यक्ष
डीआईएन: 07598920

दिनांक : 19.08.2020
स्थान : नई दिल्ली

अनुबंध-ड.

फार्म सं. एमआर-3
सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट
(31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु)

(कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 204(1) तथा कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम सं. 9 के अनुसरण में)

सेवामें,
सदस्य,
इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड,
सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत,
नई दिल्ली-110017

हमने लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और **इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड** (जिसे यहां आगे "'कंपनी" कहा जाएगा) द्वारा अच्छी निगमित पद्धतियों के अनुपालन की सचिवीय लेखापरीक्षा की है। सचिवीय लेखापरीक्षा इस प्रकार की गई थी, जिससे हमें निगमित आचरण/सांविधिक अनुपालनों के मूल्यांकन और इन पर अपने विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए आधार मिला है।

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड की बहियों, अभिलेखों, कार्यवृत्त बहियों, फॉर्मों और दायर रिटर्नों तथा कंपनी द्वारा अनुरक्षित अन्य रिकार्डों और सचिवीय लेखापरीक्षा के दौरान कंपनी, उसके अधिकारियों, एजेटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर, हम एतद्द्वारा रिपोर्ट देते हैं कि हमारे मतानुसार, कंपनी ने 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखापरीक्षा अवधि के दौरान, यहां सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और कि कंपनी में उचित बोर्ड प्रकियाएं भी हैं और उस स्तर तक तथा उस रुप में अनुपालन तंत्र विद्यमान है और यहां आगे उल्लिखित रिपोर्टिंग के मद्देनजर हैः

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि के लिए **इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड** द्वारा अनुरक्षित बहियों, अभिलेखों, कार्यवृत्त बहियों, फॉर्मों और दायर रिटर्नों तथा कंपनी द्वारा अनुरक्षित अन्य रिकार्डों की जांच की हैः

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) तथा इसके अंतर्गत निर्मित नियमः

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ("एससीआरए") और इसके तहत बनाए गए नियम; **(कंपनी पर लागू नहीं है)**।

(iii) डिपॉजिटरी अधिनियम, 1996 और इसके अंतर्गत निर्मित विनियमों और उपनियमों; **(कंपनी पर लागू नहीं है)।**

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और इसके अंतर्गत निर्मित नियम और विनियम जो विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, ओवरसीज प्रत्यक्ष निवेश और बाहरी वाणिज्यिक ऋणों की सीमा तक जारी किए गए हैं; **(उक्त अवधि के दौरान कंपनी पर लागू नहीं है)।**

(v) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम) के तहत निर्धारित निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देश निर्धारित किए गए हैं:

(क) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (शेयरों और अधिग्रहणों का पर्याप्त अधिग्रहण) विनियम, 2011; **(कंपनी पर लागू नहीं है),**

(ख) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 1992; **(कंपनी पर लागू नहीं है),**

(ग) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का मुद्दा) विनियम, 2009; **(कंपनी पर लागू नहीं है),**

(घ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (कर्मचारी स्टॉक विकल्प योजना और कर्मचारी स्टॉक खरीद योजना) दिशानिर्देश, 1999; **(कंपनी पर लागू नहीं है),**

(ड.) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम और सूचीकरण) विनियम, 2008; **(कंपनी पर लागू नहीं है),**

(च) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इश्यू और शेयर अंतरण एजेंटों के रजिस्ट्रार) विनियम 1993 जो कंपनी अधिनियम और कंपनी के साथ संव्यवहार से संबंधित है; **(कंपनी पर लागू नहीं है),**

(छ) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों का वितरण) विनियम, 2009; **(कंपनी पर लागू नहीं है),**

(ज) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों का पुनर्खरीद) विनियम, 1998; **(कंपनी पर लागू नहीं है)।**

(vi) हम आगे यह भी उल्लेख करते हैं कि कंपनी में विद्यमान अनुपालन प्रणाली के संबंध में, कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों की जांच पर, कंपनी ने उसपर लागू निम्नलिखित कानूनों का अनुपालन किया है:

क. भवन एवं अन्य निर्माण कामगार (नियोजना के विनियम और सेवा की शर्तें) अधिनियम,1996;

ख. भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996;

ग. पर्यावरण कानून, जो लागू हों;

घ. श्रम कानून, जो लागू हों।

हमने भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) द्वारा जारी किए गए सचिवीय मानक-I और सचिवीय मानक-II के अनुपालन की भी जांच की है, जो समीक्षाधीन अवधि के लिए कंपनी पर लागू थे।

हम आगे उल्लेख करते हैं कि:

कंपनी के निदेशक मंडल का विधिवत गठन केवल गैर-कार्यकारी निदेशक के साथ किया गया है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में परिवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए थे।

सभी निदेशकों को बोर्ड बैठकों को आयोजित करने, कार्यवृत्त और कार्यसूची के परिपत्रण के लिए पर्याप्त नोटिस दिया गया है और बैठक से पहले कार्यसूची मदों पर अधिक जानकारी और

स्पष्टीकरण प्राप्त करने और सार्थक भागीदारी को सुनिश्चि करने के लिए एक प्रणाली मौजूद है। बोर्ड की बैठकों में निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया, जैसा कि प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत किया गया था,

हमें दिए गए स्पष्टीकरण और प्रबंधन द्वारा किए गए अभ्यावेदन और हमारे विश्वास के अनुसार, लागू कानूनों, नियमों, विनियमों की निगरानी और उन्हें सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार और संचालन के अनुसार कंपनी में पर्याप्त प्रणाली और प्रक्रियाएं विद्यमान हैं।

उल्लेखनीय है कि समीक्षाधीन अवधि के दौरान और प्रबंधन द्वारा यथावर्णित और प्रस्तुत अनुसार, कंपनी ने ऊपर उल्लिखित कानून, नियम, विनियम, दिशानिर्देश, मानक आदि के अनुसरण में वित्तीय वर्ष के दौरान 6,00,00,000 शेयर (विवरण नीचे तालिक-1 पर प्रस्तुत है) आवंटित किये है और इनका कंपनी के मामलों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है।

तालिका सं. 1

राइट इश्यु	अशदायी और प्रदत्त शेयरों की संख्या	आवंटित शेयरों की संख्या	आवंटन की तिथि
I	6,00,00,000 इक्विटी शेयर	6,00,00,000	19.09.2019

कृते सौरभ जैन एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

ह/-
सौरभ जैन
प्रोप्राइटर
स.सं: ए45034
सीपी सं: 16489
यूडीआईएन: A045034B000585772

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 17.08.2020

सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट का अनुबंध

सेवामें,
सदस्य,
इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड,
सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत,
नई दिल्ली-110017

हमारी समतिथिक रिपोर्ट को इस पत्र के साथ पढा जाएः

1. सचिवीय रिकार्डों का अनुरक्षण कंपनी के प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारा उत्तरदायित्व हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इन सचिवीय रिकार्डों पर अपना मत अभिव्यक्ति करना है।
2. हमने लेखापरीक्षा पद्धतियों और प्रकियाओं का अनुसरण किया है जो सचिवीय रिकार्डों की विषयवस्तु की सत्यता के संबंध में युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त करने के लिए उपयुक्त थीं। हमारा मत है कि हमारे द्वारा अनुसरण की गई पद्धतियां और प्रकियाएं, हमारे मत के लिए युक्तिसंगत आधार प्रस्तुत करती हैं।
3. हमने कंपनी के वित्तीय रिकार्डों, लागत रिकार्डों और लेखा बहियों की सत्यता और उपयुक्तता का सत्यापन नहीं किया है।
4. जहां कहीं अपेक्षित हुआ, हमने कानूनों, नियमों, विनियमों और घटनाओं आदि के अनुपालन के संबंध में प्रबंधन का प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है।
5. निगमित तथा अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधन का उत्तरदायित्व है। हमारी जांच परीक्षण आधार पर प्रकियाओं के सत्यापन तक सीमित थी।

6. सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता हेतु आश्वासन है और न ही प्रभावकारिता या प्रभावशीलता, जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

7. चूंकि कोविड-19 के कारण सरकार द्वारा देश में लागू किए जा रहे लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग मापदंडों के कारण, हम केवल प्रणाली के रिकॉर्ड से ही जांच कर पाए हैं, और आगे मूल / भौतिक रिकॉर्ड और सहायक दस्तावेजों को सत्यापित नहीं किया जा सका। प्रबंधन ने हमें मेल के माध्यम से विभिन्न दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियों पर पहुंच प्रदान की थी, जिन्हें अब कंपनी द्वारा क्लाउड से हटा दिया गया है।

कृते सौरभ जैन एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

ह/-
सौरभ जैन
प्रोप्राइटर
स.सं: ए45034
सीपी सं.: 16489
यूडीआईएन: A045034B000585772

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 17.08.2020

वित्तीय विवरण

स्वतंत्र लेखापरीक्षा रिपोर्ट

सदस्य,
इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड
सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर,
साकेत, नई दिल्ली (भारत) - 110017

स्टेंडएलोन वित्तीय विवरणों पर रिपोट

मत

हमने **इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड ("कंपंनी")** के लिए संलग्न स्टेंडएलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें दिनांक 31 मार्च 2020 को तुलन पत्र तथा उक्त तिथि को समाप्त अवधि के लिए लाभ और हानि के विवरण इक्विटी परिवर्तन विवरण, रोकड़ प्रवाह विवरण और उक्त समाप्त वर्ष के लिए तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और अन्य विवरणात्मक सूचना (जिसे यहां आगे "स्टेंडएलोन वित्तीय विवरण" कहा जाएगा) के सार की लेखापरीक्षा की है।

हमारे मतानुसार और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार उपर्युक्त स्टेंडएलोन वित्तीय विवरण इस अधिनियम के अंतर्गत यथापेक्षित और 31 मार्च 2020 को कंपनी की कार्यप्रणाली की भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखांकन मानकों के अनुरूप इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी परिवर्तन और रोकड़ प्रवाह विवरण का सही और उचित रूप प्रस्तुत किया गया है।

मद का आधार

हमने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों के अनुरूप लेखापरीक्षा की है। इन मानकों के अंतर्गत हमारे उत्तरदायित्वों को आगे हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरण खंड के लेखापरीक्षक के उत्तररदायित्व में उल्लिखित है। हम कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों और इसके अंतर्गत नियमों के तहत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के प्रति संगत नैतिक अपेक्षाओं के साथि भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी नैतिक संहिता के अनुसार कंपनी स्वतंत्र हैं और हम हमने नैतिक संहिता और इन अपेक्षाओं के अनुसार अपने नैतिक उत्तरदायित्वों को पूरा किया है।

हम विश्वास करते हैं कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य हमारे मत के लिए आधार उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

गोइंग कंसर्न से संबंधित अनिश्चितता वाले मामलों और सामग्री पर बल

कंपनी की निवल संपत्ति ऋणात्मक नहीं है और इस अवधि के दौरान बैंकों, वित्तीय संस्थानों या किसी अन्य स्रोतों (यदि कोई हो) से लेनदारों को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है। इसलिए, यह खंड कंपनी पर लागू नहीं है। हमारे पास इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कुछ नहीं है।

इसके अतिरिक्त, हम वित्तीय विवरणों के नोट सं. 34 - "कोविड-19 प्रकटीकरण" पर ध्यान आकर्षित करते हैं, जो वित्तीय विवरण के उपयोगकर्ता की समझ के लिए मौलिक/प्रासंगिक महत्व का है। इसके मामले में हमारा मत संशोधित नहीं है।

उपरोक्त के अतिरिक्त, हम नोट सं.16 - "अन्य आय" और नोट सं. 33 पर ध्यान आकर्षित करते हैं, जिसमें कंपनी इंड एएस-1 - "वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति" के अनुसार इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को दिए गए मोबलाइजेशन अग्रिम पर ब्याज आय - 416.05 लाख रूपए और एनएचएआई से प्राप्त मोबलाइजेशन अग्रिम पर ब्याज लागत - 341.16 लाख रूपए को समाप्त कर दिया है। हम आगे उल्लेख करते हैं कि मोबिलाइजेशन अग्रिम और ब्याज देने और लेने की शर्तें कंपनी के हितों के लिए पूर्वाग्रहपूर्ण नहीं हैं। इसके मामले में हमारा मत संशोधित नहीं है।

प्रमुख लेखापरीक्षा मामले

मुख्य लेखापरीक्षा मामले वे मामले हैं, जो हमारे व्यावसायिक निर्णय में, वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों के हमारे लेखापरीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे। इन मामलों को समाधान समग्र रूप से वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में और हमारी राय के निर्धारण में किया गया था, और हम इन मामलों पर एक अलग राय प्रदान नहीं करते हैं। हमने नीचे वर्णित मामलों को मुख्य लेखापरीक्षा मामलों के रूप में निर्धारित किया है -

प्रमुख लेखापरीक्षा मुद्दे	हमारे लेखापरीक्षा द्वारा इसका समाधान
1. **इंड एएस-115 - "ग्राहकों के साथ संविदाओं से राजस्व" की शर्तों के अनुसार स्वीकृत राजस्व** इंड एएस-115 पाँच स्तरीय राजस्व स्वीकृति मॉडल निर्धारित करता है। कंपनी निष्पादन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में अपनी प्रगति का आकलन करने के पश्चात समय के साथ संतुष्ट निष्पादन दायित्व के लिए राजस्व को स्वीकार करती है।	हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में कंपनी की राजस्व स्वीकृति लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता पर विचार करना और लागू लेखांकन मानकों के संदर्भ में नीतियों का अनुपालन करना शामिल है।
राजस्व की स्वीकृति के लिए कार्यक्षेत्र, दावों (मुआवजा, छूट आदि) और अन्य भुगतान में परिवर्तन के लिए आकलन और निर्णय की आवश्यकता होती है जो निष्पादन दायित्व के संतोष के स्तर तक है। कंपनी इनपुट पद्धति को लागू करके निष्पादन दायित्व का आकलन करती है। उन संविदओं में जहां निष्पादन दायित्व को इनपुट विधि द्वारा नहीं मापा जा सकता है, वहां आउटपुट विधि लागू की जाती है, जो निष्ठापूर्ण रूप से निष्पादन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि के प्रति कंपनी के निष्पादन को दर्शाती है। आदेश की पूर्ति के दौरान, संविदात्मक दायित्वों का पुन:आकलन किए जाने की की आवश्यकता हो सकती है। इसके अतिरिक्त, परिवर्तन आदेश या रद्दकरण पर विचार किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, कुल अनुमानित परियोजना लागत कुल अनुबंध राजस्व से	हमने नए राजस्व लेखांकन मानक (पिछले वित्तीय वर्ष) के क्रियान्वयन और अनुमानित परियोजना लागत में परिवर्तन और संविदाओं के खंडों/शर्तों में व्यापक पर्यावरणीय परिवर्तनों (वर्तमान वर्ष) के संबंध में आवश्यक परिवर्तन से संबंधित आंतरिक नियंत्रणों के अभिकल्प का मूल्यांकन किया है। हमने एनएचएआई के साथ समझौते की संवीक्षा की है और आंतरिक नियंत्रण के प्रचालन की प्रभावशीलता की जांच की है, जो संबंधित निष्पादन दायित्वों की पहचान और निष्पादन दायित्वों की संतुष्टि से संबंधित था। हमने अनुमानित लागत के साथ समझौतों को पूरा करने के लिए डब्ल्यूआईपी शेष के भीतर शामिल लागतों की जांच की और निवल वसूलीयोग्य दरों की तुलना के माध्यम से उनके पुन:निर्धारण की जांच की है। इसके अतिरिक्त, हमने एनएचएआई के साथ सेवा रियायत समझौते के तहत मान्यता

अधिक हो सकती है और इसलिए, अपेक्षित हानि की तत्काल पहचान करने की आवश्यकता होती है। इंड एएस-115 में अपने ग्राहकों के साथ संविदाओं के लिए मॉडल के प्रत्येक चरण को लागू करते समय सभी प्रासंगिक तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। विवरण में लिए स्टैंडएलोन इंड एएस वित्तीय विवरणों के नोट 23 - सेवा रियायत समझौते और नोट 30 - ग्राहकों के साथ संविदाओं से राजस्व का संदर्भ लें।	प्राप्त वित्तीय परिसंपत्ति की मात्रा की जांच की और लक्ष्यों को पूरा करने के आधार पर तथा इसके लिए एनएचएआई से प्राप्तियों को ध्यान में रखते हुए वसूली की क्षमता का अनुमान लगाया। हमने इस तथ्य के प्रति विशिष्ट घ्यान केन्द्रित करते हुए राजस्व मान्यता पर पर्याप्त प्रक्रियाओं का पालन किया है, चाहे अनुबंध में एकल निष्पादन दायित्व या कई निष्पादन दायित्व हों या नहीं, निष्पादन दायित्व समय की अवधि में या एक समय बिंदु पर संतुष्ट हो रहा है: • इन संविदाओं में विशिष्ट निष्पादन दायित्वों को पढ़ें, विश्लेषण और चिह्नित करें। • कंपनी द्वारा चिह्नित और स्वीकृत किए गए निष्पादन दायित्वों से इन निष्पादन दायित्वों की तुलना करें। • पृथक निष्पादन दायित्वों को आवंटित करने के लिए प्रयुक्त संव्यवहार मूल्य को सत्यापित करने के लिए संविदा की शर्तों पर विचार किया गया। • जाँच की गई कि क्या निष्पादन दायित्व समय की अवधि में या एक समय बिंदु पर संतुष्ट हैं। • राजस्व की तर्कशीलता के लिए विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं का प्रकटन किया।

अन्य मुद्दे

कोविड 19 के कारण कार्यक्षेत्र सीमितता

कोविड - 19 के कारण देश में लागू किए जा रहे लॉकडाउन और सामाजिक दूरी के मानदंडों के कारण सरकार द्वारा लगाए गए व्यवधानों के मद्देनजर, हम केवल लेखों की प्रणाली और मूल लेखा बहियों से ही खातों की जांच करने में सक्षम रहे हैं और अधिकतर मामलों में इन वित्तीय विवरणों में उल्लिखित अभिलेखों का सत्यापन नहीं कर पाए हैं। प्रबंधन ने हमें विभिन्न दस्तावेजों की स्कैंड प्रतियां प्रदान की हैं जो हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजन हेतु आवश्यक थीं।

हम यह प्रस्तुत करना चाहते हैं कोविड-19 के कारण भौतिक संचलन और कड़े समयसीमा प्रतिबंधों की वजह से लेखापरीक्षा दल लेखापरीक्षा के संबंध में आईसीएआई द्वारा जारी मानकों के अंतर्गत निर्धारित अनुसार अपेक्षित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के लिए कंपनी के कार्यालय का उचित रूप से दौरा नहीं कर सका है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं, किन्तु इन तक ही सीमित नहीं हैं:

- मूल दस्तावेजों/फाइलों का निरीक्षण, अवलोकन, परीक्षा और सत्यापन;
- आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रचालनिक प्रभावशीलता का सत्यापन;
- कंपनी की अचल संपत्तियों के टाइटल करारों का सत्यापन;
- पहुंच नियंत्रण और डाटा सुरक्षा के संबंध में अवलोकन;
- कोई अन्य लेखापरीक्षा प्रक्रिया, जिसमें लेखापरीक्षा टीम की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता होती है।

वित्तीय विवरण और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट से इतर अन्य सूचना

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचनाओं को तैयार करने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण में शामिल जानकारी, बोर्ड की रिपोर्ट सहित अनुलग्नक से बोर्ड की रिपोर्ट, व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट, निगमित प्रशासन और शेयरधारक की जानकारी शामिल है, यदि लागू हो, लेकिन स्टैंडएलोन वित्तीय विवरण और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट इसमें शामिल नहीं हैं ।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी को शामिल नहीं करती है और हम आश्वासनों को निष्कर्ष के किसी भी रूप को व्यक्त नहीं करते हैं।

वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य जानकारी को पढ़ना है और ऐसा करने पर, विचार करना है कि क्या अन्य जानकारी वित्तीय विवरणों के साथ भौतिक रूप से असंगत है या हमारी लेखापरीक्षा के दौरान प्राप्त हमारा ज्ञान या अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होता है।

यदि हमारे कार्य के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि इस अन्य जानकारी की सामग्री गलत है तो हमें इस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है। हमें इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है।

इंड एएस वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और शासन के प्रभारितों का उत्तरदायित्व

कंपनी का निदेशक मंडल, इन वित्तीय विवरणों, जो जारी संगत नियमों के साथ पठित अधिनियम के अनुच्छेद 133 में विनिर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों (इंड एएस) सहित भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति, लाभ और हानि (अन्य वृहत आय सहित वित्तीय निष्पादन), रोकड़ प्रवाह और इक्विटी परिवर्तन के संबंध में वास्तविक और उचित स्थिति प्रस्तुत करते हैं, को तैयार करने के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अनुच्छेद 134(5) में उल्लिखित विषयों के लिए उत्तरदायी है। इस उत्तरदायित्व में कंपनी की परिसंपत्तियों को सुरक्षा प्रदान करने तथा जालसाजी व अन्य अनियमितताओं के निवारण तथा उनका पता लगाने; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन तथा अनुप्रयोग; युक्तिसंगत तथा विवेकपूर्ण निर्णय तथा अनुमान लगाने; उपयुक्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के अभिकल्प, क्रियान्वयन और अनुरक्षण, जो लेखांकन रिकार्डों की परिशुद्धता और सम्पूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए कुशलतापूर्वक प्रचालन कर रहीं थीं और वित्तीय विवरणों को तैयार करने और प्रस्तुतीकरण के लिए संगत हैं जो वास्तविक और उचित स्थिति प्रस्तुत करना है और किसी प्रकार के सामग्रीगत दुर्विवरण, चाहे जालसाजी के कारण हो या त्रुटि के कारण, के निवारण के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उपयुक्त लेखांकन रिकार्डों का अनुरक्षण भी शामिल है।

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, प्रबंधन गोइंग कंसर्न, प्रकटन, यथा अपेक्षित, गोइंग कंसर्न संबंधी मुद्दों और लेखांकन के गोंइंग कंसर्न के प्रयोग के साथ जारी रहने की कंपनी की क्षमता का आंकलन करने के लिए उत्तरदायी है, बशर्ते प्रबंधन या तो कंपनी को लिक्विडेट करना चाहती है या प्रचालन बंद करना चाहती है, या उसा करने के अतिरिक्त उसके पास को वास्तविक विकल्प है।

ये निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के लिए भी उत्तरदायी हैं।

वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य इस संबंध में युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण समग्र रूप से सामग्रीगत तथ्यात्मक दुर्विवरण, चाहे जालसाजी के कारण हो या त्रुटि से मुक्त हैं। युक्तिसंगत आश्वासन उच्च स्तरीय आश्वासन है, किन्तु यह गारंटी नहीं है कि मानक लेखांकन नीति के अनुसार किया गया लेखपरीक्षा सदैव तथ्यात्मक दुर्विवरण को खोज लेता है, जब वह विद्यमान हो। जालसाजी या त्रुटि से उत्पन्न होने वाले दुर्विवरण को तब महत्वपूर्ण

माना जाता है, यदि एकल रूप में या समग्र रूप में वे युक्तिसंगत स्तर पर इन वित्तीय विवरणों के आधार पर प्रयोक्ताओं द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करते हों।

लेखांकन मानक के अनुसार लेखापरीक्षा के भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और बिना लेखापरीक्षा के पेशेवर व्यवहार को बनाए रखते हैं। हम निम्नलिखित व्यवस्थाओं का भी अनुसरण करते हैं:

क) वित्तीय विवरणों के तथ्यात्मक दुर्विवरण के जोखिमों की पहचान और आकलन करते हैं, कि क्या वे जालसाजी या त्रुटि या अभिकल्प के कारण है और लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं इन जोखिमों के प्रति प्रकियात्मक रूप से सक्रीय हैं, और लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करते हैं जो हमारे मत के लिए आधार प्रस्तुत करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हैं। जालसाजी के परिणामस्वरूप तथ्यात्मक दुर्विवरण का पता न लगा पाने का जोखिम मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर किया गा चूक, पुनर्विनियोजन या आंतरिक नियंत्रण से बचने वाली जालसाजियों के परिणामस्वरूप होने वाले जोखिम से अधिक महत्वपूर्ण है।

ख) उन लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के निर्माण के उद्देश्य से लेखापरीक्षा के प्रति संगत आंतरिक नियंत्रण की समझ को प्राप्त करना, जो उक्त परिस्थितियों में उपयुक्त है। कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 143(3)(i) के अंतर्गत, हम अपने इस मत को भी अभिव्यक्त करने के लिए उत्तरदायी हैं कि क्या कंपनी के पास उपयुक्त आंतरिक वित्तीय नियत्रण प्रणाली विद्यमान है और ऐसे नियंत्रणों के लिए कुशलतापूर्वक कार्य कर रही है।

ग) प्रयुक्त लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन करना और प्रबंधन द्वारा किए गए प्रकटनों के संबंध में लेखांकन अनुमानों और प्रकटनों की युक्तिसंगतता का मूल्यांकन करना।

घ) लेखांकन के संबंधित आधार पर प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त उपयुक्तता और प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों के आधार पर यह पता लगाना कि घटनाओं और परिस्थितियों के संबंध में तथ्यात्मक अनिश्चितता विद्यमान है, जो गोइंग कंसर्न के रूप में निरंतर कार्यरत रहने की कंपनी की क्षमता पर महत्वपूर्ण शंका उत्पन्न करती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि तत्यात्मक अनिश्चितता विद्यमान है तो हमें उन वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटनों को लेखापरीक्षा रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित करने की आवश्यकता है या, यदि ऐसे प्रकटन अपर्याप्त हैं तो हमारे मत को आशोधित करना। हमारा निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तिथि को प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। तथापि, भावी घटनाएं और स्थितियां कंपनी के गोइंग कंसर्न के रूप में निरंतरता को बंद कर सकती है।

ङ) प्रकटन सहित वित्तीय वक्तव्यों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन, और अवलोकन कि क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं को इस तरह से दर्शाते हैं जो निष्पक्ष प्रस्तुति प्रस्तुत करते हैं।

च) भौतिकता स्टैंडएलोन वित्तीय विवरणों में दुर्विवरण की गंभीरता है, जो व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूपा से, यह संभव बनाता है कि वित्तीय विवरणों का यथोचित विवेकपूर्ण उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) हमारी लेखापरीक्षा कार्य के कार्यक्षेत्र की योजना बनाने और हमारे काम के परिणामों का मूल्यांकन करने में मात्रात्मक भौतिकता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं; और (ii) वित्तीय विवरणों में किसी भी चिह्नित दुर्विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु।

छ) हम अन्य मामलों में, लेखापरीक्षा के नियोजित दायरे और समय, तथा महत्वपूर्ण ऑडिट निष्कर्षों के साथ, आंतरिक नियंत्रण में किसी भी महत्वपूर्ण कमियों को शामिल करते हैं, जिसे हम अपने ऑडिट के दौरान पहचानते हैं।

ज) हम अपने वक्तव्य के साथ शासन के उन आरोपों को भी प्रदान करते हैं जिनका हमने अनुपालन किया है यथा स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के साथ, और उन सभी संबंधों और अन्य मामलों के साथ संवाद करने के लिए जिन्हें हमारी स्वतंत्रता पर सहन करने के लिए उचित रूप से सोचा जा सकता है, और जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपाय।

झ) शासन द्वारा प्रभारित मुद्दों में से हम उन मामलों को निर्धारित करते हैं जो वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे अधिक महत्व के थे और इसलिए वे महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले हैं। हम अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन इस मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण का प्रस्ताव नहीं देता है या जब अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में किसी मामले का संचार नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के दुष्परिणामों का यथोचित परिणाम अपेक्षित होगा।

1. अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 143 के उप अनुच्छेद (11) की शर्तों के अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2016 (''आदेश'') द्वारा यथापेक्षित, उक्त आदेश के पैरा 3 और 4 में विनिर्दिष्ट विषयों पर एक विवरण **अनुग्नक-क** के रूप में दे रहे हैं।

2. अधिनियम के अनुच्छेद 143(3) द्वारा यथापेक्षित हम उल्लेख करते हैं कि:

क) हमने वे सब सूचनाएं और स्पष्टीकरण मांगे व प्राप्त किए हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक हैं।

ख) हमारी राय में उपर्युक्त स्टेंडएलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने से संबंधित नियमों द्वारा यथापेक्षित कंपनी ने विधि द्वारा अपेक्षित लेखा बही खातों का उचित रखरखाव किया है जैसा बही खातों की हमारी जांच से प्रतीत होता है।

ग) इस रिपोर्ट में वर्णित तुलनपत्र और अन्य वृहत आय सहित लाभ-हानि का विवरण, इक्विटी में परिवर्तन का विवरण एवं रोकड़ प्रवाह विवरण तथा इक्विटी परिवर्तन विवरण, स्टेंडएलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के प्रयोजन से अनुरक्षित बही खातों से मेल खाते हैं।

घ) हमारी राय में उपर्युक्त इंड एएस वित्तीय विवरण, कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम-7 के साथ पठित, अधिनियम के अनुच्छेद 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं।

ङ) दिनांक 31 मार्च 2020 को निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदनों के आधार पर कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा ध्यान में लिए गए अनुसार, कोई भी निदेशक अधिनियम के खंड 164(2) की शर्तों के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्ति होने के लिए दिनांक 31 मार्च 2020 को अयोग्य नहीं है;

च) कंपनी में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली विद्यमान है और ऐसे नियंत्रण कुशलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं और इस संबंध में "**अनुबंध-ख**" में हमारी पृथक रिपोर्ट का संदर्भ लें।

छ) अधिनियम की धारा 197(16), यथासंशोधित की आवश्यकताओं के अनुसार, लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल अन्य मामलों के संबंध में:

" दिनांक 5 जून, 2015 की सरकारी अधिसूचना सं जीएसआर 463 (ई) के दृष्टिगत, सरकारी कंपनियां को कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 197 की अनुप्रयोज्यता से छूट प्राप्त है।"

ज) कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) संशोधन नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षक रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय

में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार:

क कंपनी का कोई मुकदमा लंबित नहीं है, जो इसकी वित्तीय स्थिति को प्रभावित कर रहा हो।

ख कंपनी ने व्युत्पन्न संविदाओं सहित कोई दीर्घकालिक संविदाओं पर, यदि कोई हो, महत्वपूर्ण प्रत्याशित घाटों के लिए लागू कानून या लेखांकन मानक के अंतर्गत यथापेक्षित प्रावधान किए हैं।

ग ऐसी कोई राशियां नहीं थीं जिन्हें कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षा निधि में हस्तांतरित किए जाने की आवश्यकता हो।

(3) कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 143(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी निदेशों/उप-निदेशों के अनुसार, हमारी रिपोर्ट के **अनुबंध-ग** का संदर्भ लें।

कृते सिंघल सुनिल एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन सं. 008030एन

सीए सुनिल सिंघल
साझेदार
सदस्यता संख्या 086904
यूडीआईएन : 20086904एएएएएचआर4699

दिनांक: 24.06.2020
स्थान: नई दिल्ली

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड की स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुबंध-क।

(इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड के सदस्यों की समसंख्यक रिपोर्ट के "अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाएं" खंड के अंतर्गत पैरा 1 का संदर्भ लें)

हम उल्लेख करते हैं कि:

1. **कंपनी की स्थिर परिसंपत्तियों के संबंध में -**

(क) कम्पनी ने पूर्ण विवरण दर्शाते हुए अभिलेखों का उचित रखरखाव किया है जिनसे उसकी नियत परिसंपत्तियों का मात्रात्मक विवरणों और उसकी स्थिति का पता चलता है।

(ख) हमें प्रदान की गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, युक्तिसंगत अंतराल पर, चरणबद्ध रूप से प्रबंधन द्वारा स्थिर परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया जाता है और इन सत्यापनों से कोई महत्वपूर्ण विसंगति सामने नहीं आई है। इसके अतिरिक्त, सत्यापन की नियमित अनुसूची होती है जो हमारे विचार में कंपनी के आकार और इसके व्यवसाय की प्रकृति के अनुसार युक्तिसंगत है।

(ग) कंपनी के पास लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान कोई अचल संपत्ति नहीं है।

2. **इन्वेंटरी के संबंध में -**

कंपनी के पास रिपोर्टिंग अवधि के दौरान कोई इन्वेंटरी नहीं है। इसलिए, आदेश का पैरा 3(ii) की रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

3. प्रबंधन द्वारा हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा लेखा बहियों की हमारी जांचों के आधार पर, कंपनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के अधीन रखे गए रजिस्टर में सूचीबद्ध कम्पनियों, फर्मों या अन्य पार्टियों को/से रक्षित या अरक्षित किसी प्रकार का ऋण न लिया है न दिया है। तदनुसार, आदेश के पैरा 3 (iii) के अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

4. हमारी राय में और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार ऐसे कोई ऋण, निवेश, गारंटियां, तथा प्रतिभूतियां प्रदान नहीं किए गए हैं जिनके लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 185 तथा 186 के प्रावधान का अनुपालन किया गया है। इसलिए आदेश का खंड 3 (iv) लागू नहीं है।

5. हमारे मतानुसार और हमें दी गई सूचनाओं और स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने जनता से कोई जमा राशि नहीं ली है और इसलिए जनसाधारण से जमाराशि स्वीकार करने के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देश और अधिनियम की धारा 73 से 76 या कोई अन्य संगत प्रावधान तथा कंपनी (जमाराशि स्वीकार करना) नियम, 2015 लागू नहीं होते हैं।

6. कंपनी की गतिविधियों के लिए अधिनियम के खंड 148 के उपखंड (1) के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा लागत रिकार्डों के अनुरक्षण का निर्धारिण किया गया है और तदनुसार, कंपनी ने अपने निगमित कार्यालय में अपेक्षित लागत रिकार्डों का अनुरक्षण किया है। तथापि, किसी पृथक लागत लेखों का अनुरक्षण नहीं किया जाता है।

7. <u>सांविधिक देयों के संबंध में</u> -

क. हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कंपनी के रिकार्डों की हमारी जांच के आधार पर, कम्पनी भविष्य निधि, आयकर, वस्तु एवं सेवाकर, सीमाशुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य संवर्धन कर और उपकर के संबंध में अविवादित देय तथा कोई अन्य सांविधिक कर सहित लागू निर्विवाद सांविधिक दये राशियां और अन्य महत्वपूर्ण सांविधिक देय राशियाँ के संबंध में काटी गई/संचित राशियों को नियमित रूप से सक्षम प्राधिकारियों के पास जमा कराती हैं।

ख. हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कंपनी के रिकार्डों की हमारी जांच के आधार पर, भविष्य निधि, आयकर, वस्तु एवं सेवाकर, सीमाशुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य संवर्धन कर और उपकर तथा कोई अन्य सांविधिक कर सहित लागू निर्विवाद सांविधिक दये राशियां और अन्य महत्वपूर्ण सांविधिक देय कोई भी राशि दिनांक 31 मार्च 2020 को देय होने की छेह महीने से अधिक की अवधि के लिए देय नहीं है।

ग. हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कंपनी के रिकार्डों की हमारी जांच के आधार पर, भविष्य निधि, आयकर, वस्तु एवं सेवाकर, सीमाशुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्य संवर्धन कर और उपकर तथा कोई अन्य सांविधिक कर सहित लागू निर्विवाद सांविधिक दये राशियां और अन्य महत्वपूर्ण सांविधिक देय कोई भी राशि को किसी विवाद के कारण जमा नहीं कराया गया है।

8. हमारे मतानुसार और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी का किसी वित्तीय संस्थान, बैंकों या सरकारी या डिबेंचरधारकों के प्रति कोई बकाया देय नहीं है। तथापि, कंपनी ने दिनांक 31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि के दौरान इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएन-एल45203डीएल1976जीओआई008171) से 139.22 करोड रूपए का ऋण लिया है और दिनांक 31 मार्च 2020 को ऐसे ऋण का समापन शेष 269.22 करोड रूपए है।

9. कंपनी ने वर्ष के दौरान आरंभिक पब्लिक ऑफर या भावी पब्लिक ऑफर (ऋण माध्यमों सहित) के माध्यम से कोई धन प्राप्त नहीं किया है। तदनुसार, इस आदेश के खंड 3 (ix) कं अंतर्गत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होते है। तथापि, कंपनी ने दिनांक 31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि के दौरान इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएन-एल45203डीएल1976जीओआई008171) से 139.22 करोड रूपए का सावधि ऋण स्वीकार किया है।

10. हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के अनुसार वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा या इसके अधिकारयों और कर्मचारियों द्वारा कंपनी पर जालसाजी का कोई मामला नहीं हुआ है।

11. दिनांक 05 जून 2015 की सरकारी अधिसूचना सं. जीएसआर 463(ड.) के दृष्टिगत, सरकारी कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 197 के अनुप्रयोग से छूट प्राप्त है। तदनुसार आदेश के खंड 3(xi) के अंतर्गत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं है।

12. निधि नियम, 2014 में विनिर्दिष्ट अनुसार, कंपनी एक निधि कंपनी नहीं है, तदनुसार आदेश का पैरा 3 (xii) कंपनी पर लागू नहीं है।

13. हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कंपनी के रिकार्डों की हमारी जांच के आधार पर, सभी संबंधित पक्ष संव्यवहार कंपनी अधिनियम के अनुच्छेद 177 तथा 188 के अनुरूप हैं, जहां कही लागू हो और इस प्रकार के संव्यवहारों का ब्यौरा वित्तीय विवरणों में प्रकट किया गया है जैसा कि लागू लेखांकन मानकों के अनुसार अपेक्षित है।

14. हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कंपनी के रिकार्डों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने वर्ष के दौरान शेयरों या पूर्ण या आंशित परिवर्तनीय डिबैंचरों का कोई वरियता आवंटन या निजी प्लेसमेंट नहीं किया है। तथापि कंपनी ने इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएन-एल45203डीएल1976जीओआई008171) से 60 करोड़ रूपए की कुल शेयर पूंजी प्राप्त की है।

15. हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कंपनी के रिकार्डों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 192 के प्रावधानों के भीतर स्वयं से संबंधित निदेशकों या व्यक्तियों के साथ कोई गैर-नकद संव्यवहार नहीं किया है। तदनुसार, आदेश का पैरा 3 (xv) लागू नहीं है।

16. हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार और कंपनी के रिकार्डों की हमारीजांच के आधार पर, कंपन को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुच्छेद 45-1ए के अंतर्गत पंजीकृत कराए जाने का आवश्यकता नहीं है।

कृते सिंघल सुनिल एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफआरएन सं. 008030एन

सीए सुनिल सिंघल
साझेदार
सदस्यता संख्या 086904
यूडीआईएन :20086904एएएएएचआर4699

दिनांक: 24.06.2020
स्थान: नई दिल्ली

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड की स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट का अनुबंध-ख

(इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड के सदस्यों की समसंख्यक रिपोर्ट के "अन्य विधिक एवं विनियामक अपेक्षाएं" खंड के अंतर्गत पैरा 2 का संदर्भ लें)

कंपनी अधिनियम ("अधिनियम") के खंड-2 के उप खंड (i) के अंतर्गत आंतरित वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट।

हमने इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के समायोजन में 31 मार्च 2020 को **इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड** ("कंपनी") की वित्तीय रिपोर्टिंग के ऊपर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

कंपनी का प्रबंधन, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (''आईसीएआई'') द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा संबंधी दिशानिर्देश के नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मापदंड पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्थापना तथा अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी है। इन उत्तरदायित्वों में शामिल हैं - कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत यथा अपेक्षित कंपनी के नियमों के अनुपालन, इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, जालसाजी और चूकों का निवारण और संसूचन, लेखांकन रिकार्डों की सटीकता व संपूर्णता तथा विश्वसनीय वित्तीय सूचना को समय पर तैयार करने के साथ, अपने व्यवसाय के सुव्यवस्थित तथा कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कुशल रुप से प्रचालित हो रही आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के अभिकल्प, क्रियान्वयन का अनुरक्षण शामिल हैं।

लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व

हमारा उत्तरदायित्व हमारी लेखापरीक्षा के आधर पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर अपना मत अभिव्यक्त करना है। हमने आईसीएआई द्वारा जारी, लेखांकन पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर दिशानिर्देश नोट (''दिशानिर्देश नोट'') के अनुसार लेखापरीक्षा की है और इसे भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर लागू आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों

की लेखापरीक्षा के स्तर तक कंपनी अधिनियम 2013 के खंड 143 (10) के अंतर्गत निर्धारित किया गया है। इन मानकों तथा दिशानिर्देश नोट में अपेक्षित है कि हम नैतिक अपेक्षाओं के साथ अनुपालन करें और इस प्रकार युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और अनुरक्षित किया गया है और क्या ऐसे नियंत्रण सभी सामग्रीगत पहलुओं में कुशलतापूर्वक प्रचालन कर रहे हैं।

हमारी लेखापरीक्षा में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और उनके प्रचालन की कुशलता के संबंध में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने की निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की हमारी लेखापरीक्षा में शामिल हैं - वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ प्राप्त करना, इस जोखिम का आंकलन करना कि सामग्रीगत कमजोरी मोजूद है, तथा आकलित जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के अभिकल्प और प्रचालन कुशलता का परीक्षण और मूल्यांकन। चयनित प्रक्रियाएं वित्तीय विवरणों के सामग्रीगत दुर्विवरण, चाहै जालसाजी हो या त्रुटि, के जोखिम के आंकलन सहित लेखापरीक्षा के विवेक पर निर्भर करता है।

जब धन के समय मूल्य का वस्तुगत होने की संभावना होती है तो प्रावधान राशि को दायित्व से सम्बद्ध जोखिम की प्रस्तुति करने वाली, जब उचित हो, पूर्व कर दर के उपयोग से कम कर दिया जाता है। समय के परिवर्तन को वित्त लागत के रूप में विचार में लिए जाने के कारण डिस्काउंटिंग के उपयोग के पश्चात प्रावधान अधिक कर दिए जाते हैं।

ख) दुर्वह संविदाएं

दुर्वह संविदा वह संविदा है जिसमें संविदा के अंतर्गत दायित्वों को पूरा करने की वे अपरिहार्य लागतें (अर्थात वे लागतें जिनकी संविदा के कारण कम्पनी अनदेखी नहीं कर सकती है) आती हैं, जो उससे प्राप्त होने वाले संभावित आर्थिक लाभों से अधिक होती हैं। किसी संविदा के अंतर्गत अपरिहार्य लागतें संविदा की विद्यमान न्यूनतम लागत की प्रस्तुति करते हैं जो इसके निष्पादन की लागत एवं इसे निष्पादित न किए जाने के मुआवजे अथवा उत्पन्न होने वाली परिसंपत्तियों से कम हैं। यदि कम्पनी की कोई दुर्वह संविदा है तो संविदा के अंतर्गत दायित्व की स्वीकृति एवं मापन के लिए प्रावधान किए जाते हैं। तथापि, दुर्वह संविदा के लिए अलग प्रावधान करने से पूर्व कम्पनी किसी अक्षमता हानि की स्वीकृति करती है जो ऐसी संविदा के लिए नियत की गई परिसम्पतियों के संबंध में हुई है।

इन अनुमानों की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में करके चालू उत्तम अनुमान के अनुसार समायोजन प्रस्तुत किए गए हैं।

ग) आकस्मिक देयताएं

ऐसे आकस्मिक दायित्वों के संबंध में प्रकटीकरण किया जाता है जब संभावित दायित्व अथवा वर्तमान दायित्वों के संबंध में सन्निहित आर्थिक लाभों के संसाधनों का बहिप्रवाह अपेक्षित होने की संभावना होती है, परन्तु नहीं भी हो सकती है, अथवा ऐसे दायित्वों की राशि का मापन विश्वसनीयता से नहीं किया जा सकता है। जब किसी संभावित दायित्व अथवा विद्यमान दायित्व के संबंध में सन्निहित आर्थिक लाभों के संसाधनों का बहिप्रवाह होने की संभावना काफी होती है तो कोई प्रावधान अथवा प्रकटीकरण नहीं किए जाते हैं।

इनकी समीक्षा प्रत्येक तुलन पत्र तिथि को की जाती है तथा चालू उत्तम अनुमानों के अनुसार इनका समायोजन किया जाता है।

घ) आकस्मिक परिसम्पतियां

आकस्मिक परिसम्पतियों की स्वीकृति नहीं की जाती है अपितु आर्थिक लाभों के प्रवाह की विश्वसनीयता होने पर इनका प्रकटीकरण किया जाता है।

2.2.16 पट्टे

कम्पनी द्वारा संविदा के प्रारंभ में ऐसे मूल्यांकन किए जाते हैं कि क्या संविदा पट्टा, अथवा अंतर्विष्ट पट्टा, है अथवा नहीं है। इसका अर्थ है कि क्या संविदा में संज्ञान में ली गई परिसम्पति के संबंध में किसी अवधि में उपयोग के नियंत्रण का अधिकार प्रतिफल के विनिमय के प्रति उपलब्ध है।

क) पट्टेदार के रूप में कम्पनी

कम्पनी द्वारा अल्पकालिक पट्टों तथा न्यूनतम मूल्य की परिसम्पतियों के पट्टों के अलावा सभी पट्टों के संबंध में एकल स्वीकृति एवं मापन विधि का उपयोग किया जाता है। कम्पनी पट्टा दायित्वों की स्वीकृति पट्टा भुगतानों तथा उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों के रूप में करती है जिससे अंतर्निहित परिसम्पतियां उपयोग अधिकार की प्रस्तुति करती हैं।

i) उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियां

कम्पनी उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों की स्वीकृति पट्टा प्रारंभ होने की तिथि (अथवा वह तिथि जब अंतर्निहित परिसम्पति उपयोग के लिए उपलब्ध होती है) के अनुसार करती है। उपयोग अधिकार वाली परिसम्पति का मापन किसी प्रकार के संचित मूल्यह्रास तथा क्षमता हानियों को घटाकर एवं पट्टा दायित्वों के किसी पुनःमापन में समायोजन करके लागत पर किया जाता है। उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों की लागत में स्वीकृत पट्टा देयता की राशि, प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागतें, एवं किसी प्रकार के प्राप्त पट्टा प्रोत्साहनों को घटाकर प्रारंभ तिथि को अथवा उससे पूर्व किए गए पट्टा भुगतान शामिल हैं। उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियों का

मूल्यह्रास पट्टा काल को कम करके तथा परिसम्पति के अनुमानित उपयोज्यता काल के अनुसार किया जाता है।

सावधिक पट्टे पर अधिग्रहित पट्टाधारी भूमि को परिशोधित नहीं किया जाता।

यदि पट्टा की गई परिसम्पतियां पट्टा काल के अंत में कम्पनी को अंतरित की जाती है अथवा प्रस्तुत लागत में क्रय विकल्प का उपयोग मूल्य होता है तो मूल्यह्रास का आकलन परिसम्पति के अनुमानित उपयोज्यता काल के अनुसार किया जाता है।

उपयोग अधिकार वाली परिसम्पतियां अक्षमता की शर्त पर भी होती है।

ii) पट्टा दायित्व

कम्पनी द्वारा पट्टे की प्रारंभ तिथि को पट्टा काल के लिए चुकता किए जाने वाले पट्टा के वर्तमान मूल्य के अनुसार मापन किए गए पट्टा दायित्वों को स्वीकृति दी जाती है। पट्टा भुगतानों में किसी प्रकार के प्राप्य प्रोत्साहन घटाकर नियत भुगतान (सारभूत नियत भुगतान में शामिल), परिवर्तनीय पट्टा भुगतान जो सूचकांक अथवा किसी दर पर निर्भर हैं, तथा अवशेष मूल्य गारंटियों के अंतर्गत चुकता की जाने वाली संभावित राशियां शामिल है। पट्टा भुगतानों में क्रय विकल्प का उपयोग मूल्य भी शामिल होता है जिसका औचित्यपरक निश्चितता के साथ कम्पनी उपयोग कर सकती है, तथा पट्टों समाप्त करने, यदि पट्टा काल शर्तों में शास्तियों के भुगतान की व्यवस्था है, के विकल्प का उपयोग कर सकती है। व्यय के रूप में स्वीकृत किसी सूचकांक अथवा दर पर निर्भर न होने वाले परिवर्तनीय पट्टा भुगतान (यदि वे मालसूचियों के उत्पादन के लिए व्यय नहीं किए गए हैं) उनकी उत्पति की अवधि अथवा भुगतान किए जाने की स्थिति में किए जाते हैं।

पट्टा भुगतानों के वर्तमान मूल्य का आकलन करते हुए कम्पनी पट्टा प्रारंभ तिथि से आवर्धित ऋण दर का उपयोग करती है क्योंकि पट्टे में अंतर्निहित ब्याज दर का सुगमता से निर्धारण नहीं किया जा सकता है। प्रारंभ तिथि के पश्चात पट्टा दायित्वों की राशि में ब्याज अभिवृद्धि की प्रस्तुति के लिए वृद्धि हो जाती है तथा किए गए पट्टा भुगतान कम हो जाते हैं। इसके अलावा, पट्टा दायित्वों के वहन मूल्य का पुनःमापन किसी प्रकार का संशोधन किए जाने, पट्टा काल में परिवर्तन किए जाने,

पट्टा भुगतानों में परिवर्तन किए जाने (अर्थात पट्टा भुगतानों के निर्धारण के लिए प्रयुक्त किसी सूचकांक अथवा दर में परिवर्तन के परिणामस्वरूप भावी भुगतानों में परिवर्तन) अथवा अंतर्निहित परिसम्पति के क्रय के विकल्प के मूल्यांकन में परिवर्तन किए जाने की स्थिति में किया जाता है।

कम्पनी के पट्टा दायित्वों को वित्तीय दायित्वों में शामिल किया जाता है।

iii) अल्पकालिक पट्टे तथा न्यून मूल्य वाली परिसम्पतियों के पट्टे

कम्पनी द्वारा आवासीय परिसरों तथा कार्यालयों (अर्थात वे पट्टे जिनका पट्टा काल प्रारंभ की तिथि से 12 माह अथवा कम है तथा जो क्रय विकल्प के साथ नहीं हैं) के अपने अल्पकालिक पट्टा अनुबंधों में अल्पकालिक पट्टा स्वीकृति के लिए छूट का उपयोग किया जाता है। कम्पनी द्वारा कार्यालय उपकरणों, जो न्यून मूल्य के रूप में विचार में नहीं लिए गए हैं, के पट्टों के लिए पट्टे की न्यून मूल्य परिसम्पति छूट का उपयोग भी किया जाता है। अल्पकालिक पट्टों के पट्टा भुगतान तथा न्यून मूल्य परिसम्पतियों के पट्टों की स्वीकृति पट्टा काल के लिए सीधी रेखा आधार पर व्यय के रूप में की जाती है।

ख) पट्टाकार के रूप में कम्पनी

वे पट्टे जिनमें कम्पनी मुख्य रूप से परिसम्पति से संबद्ध सभी जोखिम तथा प्रतिफल अंतरित नहीं करती है उनका वर्गीकरण परिचालन पट्टे के रूप में किया गया है। पट्टे के काल की अवधि के लिए सीधी रेखा आधार पर लेखांकित पट्टे से उत्पन्न किराया को उसकी परिचालन प्रकृति के कारण राजस्व के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में शामिल किया गया है। प्रचालन पट्टे के परक्रामण एवं व्यवस्थापन के दौरान व्यय की गई प्रत्यक्ष लागतें पट्टाकृत परिसम्पति की वहन राशि में जोड़ी गई हैं तथा उनकी स्वीकृति ब्याज आय के समान आधार पर पट्टा काल के लिए की गई है। आकस्मिक किरायों की स्वीकृति राजस्व के रूप में उनकी उत्पति होने पर की गई है।

2.2.17 वित्तीय उपकरण

वित्तीय उपकरण अनुबंध होते हैं, जो किसी इकाई की वित्तीय परिसम्पति तथा किसी अन्य इकाई के किसी दायित्व अथवा वित्तीय उपकरण के संव्यवहार के लिए किए जाते हैं।

क) वित्तीय परिसम्पतियां

प्रारंभिक स्वीकृति एवं मापन

वित्तीय परिसम्पतियों को उचित मूल्य जमा या घटा संव्यवहार लागतों पर स्वीकृत किया जाता है जो प्रत्यक्ष रूप से वित्तीय परिसम्पतियों (लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापण की गई परिसम्पतियों के अलावा) के अधिग्रहण या जारी करने से संबंधित हैं। वित्तीय परिसम्पतियों अथवा वित्तीय देयताओं से प्रत्यक्ष सम्बद्ध संव्यवहार लागतों को उनके उचित मूल्य पर लाभ एवं हानि के माध्यम से तुरंत लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति दी जाती है।

अनुवर्ती मापन

अनुवर्ती मापन के उद्देश्य वित्तीय परिसम्पतियों को चार वर्गों में वर्गीकृत किया गया है:

- **परिशोधन लागत पर नामे उपकरण**

  निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी होने पर 'ऋण उपकरण' का मापन परिशोधित लागत पर किया जाता हैं:

  क) परिसंपत्ति व्यवसाय मॉडल के अनुसार ही धारित है जिसे परिसंपत्ति से संविदागत रोकड़ प्रवाह एकत्रित करने के उद्देश्य से धारित किया गया है और

  ख) परिसंपत्ति की संविदागत शर्तें रोकड़ प्रवाह के लिए विशिष्ट तिथियों को निर्धारित करती हैं जो विशिष्ट रूप से बकाया मूल राशि पर मूल और ब्याज का भुगतान है।

  ऐसी वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन प्रभावी ब्याज दर विधि घटा हानि, यदि कोई हो, का प्रयोग करके परिशोधित लागत पर किया जाता है। ईआईआर

परिशोधन को लाभ और हानि विवरण में वित्तीय आय में शामिल किया गया है। क्षमता हानि से उत्पन्न होने वाली हानियों को लाभ अथवा हानि में स्वीकृति दी जाती है। यह वर्ग सामान्यत व्यापार एवं अन्य प्राप्यों के लिए उपयोग में लाया जाता है।

- **अन्य वृहत आय के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीओसीआई) पर ऋण उपकरण**

  निम्नलिखित दोनों मापदंड पूरे होने पर 'ऋण उपकरण' का वर्गीकरण अन्य वृहत आय के माध्यम से उचित मूल्य पर किया जाता है :

क. व्यवसाय मॉडल का उद्देश्य संविदागत रोकड़ प्रवाहों को एकत्रित करके तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के बेचकर दोनों माध्यमों द्वारा प्राप्त किया जाता है, और

ख. परिसंपत्ति की संविदागत शर्तें रोकड़ प्रवाह विशिष्ट रूप से मूल और ब्याज के भुगतान (एसपीपीआई) को प्रस्तुत करती हैं।

एफवीटीओसीआई श्रेणी के शामिल ऋण उपकरणों को उचित मूल्य पर आरंभिक स्तर पर तथा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर मापा जाता है। उचित मूल्य संचलनों को अन्य वृहत आय (ओसीआई) में स्वीकार किया जाता है। तथापि, लाभ और हानि विवरण में कंपनी ब्याज आय, परिशोधित हानियों और प्रतिक्रमों तथा विदेशी विनिमय लाभ या हानि को स्वीकार करती है। परिसंपत्तियों को गैर–स्वीकार करने पर ओसीआई में पूर्व में स्वीकृत संचित लाभ या हानि को लाभ और हानि विवरण में इक्विटी से पुनःवर्गीकृत किया जाता है। अर्जित ब्याज को ईआईआर विधि का प्रयोग करते हुए स्वीकार किया जाता है।

- **लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल) पर ऋण उपकरण**

एफवीटीपीएलप ऋण माध्यमों के लिए अवशिष्ट श्रेणी है। कोई भी ऋण माध्यम, जो परिशोधित लागत या एफवी ओसीआई के रूप में श्रेणीकरण के मापदंड को पूरा नहीं करता है, को एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

एफवीटीपीएल के वर्ग में शामिल ऋण उपकरणों का मापन लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर किया गया है।

- **इक्विटी उपकरण**

इंड एएस–109 के कार्य क्षेत्र में इक्विटी निवेश का मापन उचित मूल्य पर किया जाता है। जो इक्विटी उपकरण एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत व्यापार के लिए धारित किए गए हैं। अन्य सभी उपकरणों के लिए कम्पनी द्वारा उचित मूल्य पर अनुवर्ती परिवर्तन पर अन्य व्यापक आय में प्रस्तुत करने का अशोध्य चयन किया गया है। कम्पनी द्वारा ऐसे चयन उपकरण–वार आधार पर किए जाते हैं। ऐसे वर्गीकरण प्रारंभिक स्वीकृति पर किए जाते हैं तथा ये अशोध्य होते हैं।

यदि कम्पनी किसी इक्विटी उपकरण का वर्गीकरण एफवीटीओसीआई के रूप में करने का निर्णय लेते है तो लाभांशों के अलावा उपकरण के सभी उचित मूल्य परिवर्तनों की स्वीकृति अन्य व्यापक आय में की जाती है। निवेश की बिक्री के पश्चात भी अन्य व्यापक आय में से राशियों का पुनःचक्रण लाभ एवं हानि विवरण में नहीं किया जाता है। तथापि, कम्पनी इक्विटी में संचित लाभ एवं हानि का अंतरण कर सकती है।

एफवीटीपीएल वर्ग में शामिल इक्विटी उपकरणों का मापन उनके उचित मूल्य पर लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत सभी परिवर्तनों के साथ किया जाता है।

वित्तीय परिसम्पतियों की अक्षमता

ईसीएल उन सभी संविदागत नकद प्रवाहों के मध्य का अंतर है जो कम्पनी संविदा के अंतर्गत देय हैं तथा जो ऐसे नकद प्रवाहों से संबंधित हैं जिनकी प्राप्ति की प्रत्याशा इकाई (अर्थात सभी नकद न्यूनताएं), तथा जो मूल ईआईआर पर न्यून किए गए हैं।

इंड एएस–109 के अनुसरण में कम्पनी द्वारा निम्नलिखित वित्तीय परिसम्पतियों एवं क्रेडिट ऋण जोखिमों से संबंधित प्रत्याशित क्रेडिट हानि (ईसीएल) मॉडल को मापन एवं अक्षमता हानि में स्वीकृति के लिए उपयोग किया गया है:

क. वित्तीय परिसम्पतियां जो ऋण उपकरण हैं तथा जिनका मापन परिशोधन लागत अर्थात ऋण, ऋण प्रतिभूतियों, जमा, व्यापार प्राप्यों एवं बैंक शेष के लिए किया गया है।

ख. वित्तीय परिसम्पतियां जो ऋण उपकरण हैं तथा एफवीटीओसीआई पर मापन की गई हैं।

ग. इंड एएस–116 के अंतर्गत पट्टा प्राप्य।

घ. व्यापार प्राप्य अथवा अन्य संविदागत अधिकार के अंतर्गत प्राप्त नकदी अथवा अन्य वित्तीय परिसम्पति जो ऐसे संव्यवहार से प्राप्त हो जो इंड एएस–115 के दायरे में है।

ङ. ऋण प्रतिबद्धताएं जिनका मापन एफवीटीपीएल के अनुसार नहीं किया गया है।

च. वित्तीय गारंटी अनुबंध जिनका मापन एफवीटीपीएल के अनुसार नहीं किया गया है।

कम्पनी द्वारा निम्नलिखित के संबंध में अक्षमता हानि भत्ते की स्वीकृति के लिए ''सरल दृष्टिकोण' का अनुसरण किया गया हैः

- व्यापार प्राप्यों अथवा अनुबंध राजस्व प्राप्यों; तथा
- सभी ऐसे पट्टा प्राप्यों जिनके संव्यवहार इंड एएस 116 के दायरे में हैं।

सरल एप्रोच की उपयोज्यता के लिए कम्पनी को क्रेडिट जोखिम में ट्रैक परिवर्तन नहीं करने होते हैं। इसके स्थान पर प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को लाइफटाइम ईसीएल पर आधारित क्षमता हानि भत्तों का उपयोग प्रारंभिक स्वीकृति की तिथि से किया जाता है।

वित्तीय परिसम्पतियों एवं ऋण जोखिम पर क्षमता हानि के संज्ञान के लिए कम्पनी यह निर्धारण करती है कि क्या प्रारंभिक स्वीकृति के पश्चात से क्रेडिट जोखिम में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है अथवा नहीं हुई है। यदि क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि नहीं हुई है तो 12 माह की ईसीएल का उपयोग क्षमता हानि के प्रावधान के लिए

किया जाता है। तथापि, यदि क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि होने पर लाइफटाइफ ईसीएल का उपयोग किया जाता है। यदि किसी अनुवर्ती अवधि में उपकरण की क्रेडिट गुणवत्ता में सुधार आता है तथा प्रारंभिक संज्ञान के पश्चात से क्रेडिट जोखिम में कोई महत्वपूर्ण बढ़त नहीं होती है तो इकाई द्वारा 12 माह की ईसीएल पर आधारित क्षमता ानि भत्ते को समाप्त कर दिया जाता है।

लाइफटाइम ईसीएल वे प्रत्याशित क्रेडिट हानियां हैं जो वित्तीय परिसम्पति के संभावित उपयोज्यता काल में संभव चूक घटनाओं के कारण उत्पन्न होती हैं। 12 माह ईसीएल लाइफटाइम ईसीएल का वह भाग है जो रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात 12 माह के दौरान संभावित चूक घटनाओं से उत्पन्न हुए हैं।

ईसीएल क्षमता हानि भत्ता (अथवा रिवर्सल) की स्वीकृति आय/व्यय के रूप में लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है। इस राशि की प्रस्तुति ''अन्य व्यय'' शीर्ष के अंतर्गत लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है। विभिन्न वित्तीय उपकरणों के अंतर्गत तुलन पत्र की प्रस्तुति का वर्णन नीचे किया गया हैः–

- परिशोधित लागत पर मापन की गई वित्तीय परिसम्पतियां, संविदागत राजस्व प्राप्य एवं पट्टा प्राप्यः ईसीएल की प्रस्तुति एक भत्ते के रूप में अर्थात तुलन पत्र में ऐसी परिसम्पतियों के मापन के अभिन्न भाग के रूप में की जाती है। निवल वहन राशि में से भत्ता घटा दिया जाता है। परिसम्पति द्वारा बट्टा मापदंड पूरे न किए जाने तक कम्पनी सकल वहन राशि में से क्षमता हानि भत्ते को कम नहीं करती है।

- ऋण प्रतिबद्धताएं एवं वित्तीय गारंटी संविदा : ईसीएल की प्रस्तुति तुलन पत्र में एक प्रावधान अर्थात एक दायित्व के रूप में की गई है।

- ऋण उपकरण का मापन एफवीटीओसीआई के अनुसार : ऋण उपकरणों का मापन एफवीओसीआई के अनुसार किया गया है, संभावित क्रेडिट हानियों से तुलन पत्र में वहन राशि कम नहीं हुई है जिससे यह उचित मूल्य पर होती है। परिसम्पति का मापन अन्य व्यापक आय में स्वीकृत परिशोधन लागत पर ''संचित परिशोधन राशि'' के रूप में करने की स्थिति में इसके स्थान पर भत्ते

के समतुल्य एक राशि उत्पन्न होगी।

कम्पनी द्वारा क्षीण क्रेडिट वाली वित्तीय परिसम्पतियों (पीओसीआई), अर्थात ऐसी परिसम्पतियां जिनका क्रेडिट क्रय / व्युत्पति पर क्षीण है, का क्रय अथवा व्युत्पति नहीं की गई है।

ख) वित्तीय देयताएं

प्रारंभिक स्वीकृति एवं मापन

सभी वित्तीय देयताओं की स्वीकृति प्रारंभ में उचित मूल्य पर, तथा ऋण एवं उधार तथा देयताओं के मामले में संव्यवहार लागतों से प्रत्यक्ष सम्बद्ध निवल के अनुसार की जाती है।

कम्पनी की वित्तीय देयतों में व्यापार एवं अन्य देयताएं, ऋण एवं उधार, अन्य वित्तीय देयताएं इत्यादि शामिल हैं।

अनुवर्ती मापन

वित्तीय देयताओं का मापन नीचे प्रस्तुत विवरण के अनुसार उनके वर्गीकरण पर निर्भर है:

- **लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं**

कम्पनी के पास एफवीटीपीएल के अंतर्गत किसी प्रकार की वित्तीय देयताएं नहीं हैं।

- **परिशोधन लागत पर वित्तीय देयताएं**

ऋण, उधार, व्यापार देय एवं अन्य वित्तीय देयताएं

प्रारंभिक स्वीकृति के पश्चात ऋण, उधार, व्यापार देय एवं अन्य वित्तीय देयताओं का अनुवर्ती मापन ईआईआर विधि के उपयोग से परिशोधन लागत पर किया जाता है। लाभ एवं हानियों को लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृति तब प्रदान की जाती है जब ईआईआर परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम देयताओं की स्वीकृति समाप्त कर दी जाती है। परिशोधन लागत का आकलन किसी प्रकार की छूट अथवा अधिग्रहण प्रीमियम तथा शुल्क अथवा लागतों, जो ईआईआर का अभिन्न अंग हैं, को लेखे में लेकर किया

जाता है। ईआईआर परिशोधन में लाभ एवं हानि विवरण की वित्त लागतों को शामिल किया जाता है।

वित्तीय देयताओं की स्वीकृति समाप्ति

किसी वित्तीय देयता की स्वीकृति तब समाप्त होती है जब देयता के दायित्व पूरे कर लिए जाते हैं अथवा रद्द हो जाते हैं अथवा कालातीत हो जाते हैं। जब कोई विद्यमान वित्तीय देयता के स्थान पर समान ऋणदाता से महत्वपूर्ण भिन्न शर्तों पर अथवा विद्यमान देयताओं की शर्तों की संशोधित शर्तों पर कोई बदलाव किया जाता है तो ऐसे विनिमय अथवा सुधार को मूल देयता की स्वीकृति समाप्ति मानकर नई देयता के प्रति स्वीकृति की जाती है। सम्बद्ध वहन राशियों की भिन्नताओं को लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत किया जाता है।

ग) वित्तीय गारंटी संविदाएं

कंपनी द्वारा जारी वित्तीय गारंटी संविदाएं वे संविदाएं हैं जिनमें कंपनी को ऋण माध्यम की शर्तों के अनुसार देय होने पर विशिष्ट ऋणदाता द्वारा भुगतान करने में विफल रहने की स्थिति में धारक को हुए घाटे की प्रतिपूर्ति किए जाने के लिए भुगतान की अपेक्षा होती है। वित्तीय गारंटी संविदाओं को आरंभिक तौर पर लागतों के संव्यवहारों के लिए समायोजित उचित मूल्य पर देयता के रूप में स्वीकार किया जाता है, को प्रत्यक्ष रूप से गारंटी के जारी किए जाने से संबंधित है। तत्पश्चात, देयता को इंड एएस–109 की हानि अपेक्षाओं के अनुसार निर्धारित घाटा भत्ते के राशि तथा स्वीकृत राशि घटा संचित परिशोधन, जो कोई भी अधिक हो, पर मापा जाता है।

घ) वित्तीय परिसम्पतियों का पुनःवर्गीकरण

कम्पनी वित्तीय परिसम्पतियों एवं देयताओं का वर्गीकरण प्रारंभिक स्वीकृति के समय निर्धारित करती है। प्रारंभिक स्वीकृति के पश्चात उन वित्तीय परिसम्पतियों का पुनःवर्गीकरण नहीं किया जाता है जो इक्विटी उपकरण अथवा वित्तीय देयता होते हैं। ऋण उपकरणों की वित्तीय परिसम्पतियों के लिए पुनःवर्गीकरण तभी किया जाता है जब ऐसी परिसम्पतियों के प्रबंधन के व्यवसाय मॉडल में परिवर्तन हुआ हो।

व्यवसाय मॉडल में परिवर्तन की संभावना कभी–कभार होती है। व्यवसाय मॉडल में परिवर्तन तब होता है जब कम्पनी या किसी ऐसे क्रियाकलाप का निष्पादन करना प्रारंभ करती है अथवा समाप्त करती है जो उसके प्रचालनों के लिए महत्वपूर्ण है। यदि कम्पनी वित्तीय परिसम्पतियों का वर्गीकरण करती है तो ऐसा पुनःवर्गीकरण उत्तरव्यापी प्रभाव से अगली रिपोर्टिंग अवधि के तत्काल निकट अगले दिन से व्यवसाय मॉडल में परिवर्तन करके किया जाता है। कम्पनी स्वीकृत लाभों, हानियों (क्षमता लाभ अथवा हानियों सहित) अथवा ब्याज की पुनः प्रस्तुति नहीं करती है।

ड.) वित्तीय माध्यमों की ऑफसेटिंग

स्वीकृत राशियों का समंजन करने के संबंध में चालू प्रवर्तनीय संविदागत विधिक अधिकार होने तथा परिसम्पतियों से प्राप्ति एवं साथ ही साथ देयताओं का निपटान निवल आधार पर करने की मंशा होने की स्थिति में वित्तीय परिसम्पतियों एवं वित्तीय देयताओं, एवं तुलन पत्र में सूचित की गई राशियों का समंजन किया जाएगा।

2.2.18 उचित मूल्य मापन

कम्पनी द्वारा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में वित्तीय उपकरणों का उचित मूल्य पर मापन किया जाता है।

उचित मूल्य वह मूल्य है जो किसी परिसम्पति को बेचने अथवा किसी देयता को अंतरित करने के लिए दिए जाने के लिए बाजार प्रतिभागियों के साथ मापन की तिथि को प्राप्त होता है। उचित मूल्य मापन ऐसे अनुमान पर आधारित है जो परिसम्पति को बेचने के संव्यवहार अथवा देयता का अंतरण करने के उद्देश्य से या तो :

- उत्तम बाजार में परिसम्पतियों अथवा देयताओं के लिए; अथवा
- उत्तम बाजार न होने पर परिसम्पतियों एवं देयताओं के अत्यधिक लाभकारी बाजार में। उत्तम अथवा लाभकारी बाजार कम्पनी की पहुंच के दायरे में होना चाहिए।

किसी परिसम्पति अथवा देयता के उचित मूल्य का मापन बाजार प्रतिभागियों के ऐसे अनुमानों के अनुसार यह मानकर किया जाता है कि वे इसमें आर्थिक उत्तम हित में बाजार प्रतिभागी क्रिया कर रहे हैं।

किसी गैर–वित्तीय परिसम्पति के उचित मूल्य का मापन उच्चतर एवं बेहतर उपयोग से परिसम्पति का उपयोग आर्थिक लाभों की उत्पति के संबंध में बाजार प्रतिभागियों की क्षमता को विचार में लेकर अथवा इसकी बिक्री किसी अन्य बाजार कर करके, जो परिसम्पति का उपयोग उच्चतर एवं बेहतर ढंग से कर सकता है, किया जाता है।

कम्पनी द्वारा मूल्यांकन तकनीकी का उपयोग किया जाता है ऐसी परिस्थितियों के लिए उचित हैं तथा जिनके संबंध में वह पर्याप्त डेटा उचित मूल्य के मापन के उद्देश्य से उपलब्ध है, जिनसे सम्बद्ध प्रेक्षण योग्य इनपुट का अधिकतम उपयोग किया जा सकेगा तथा गैर–प्रेक्षण योग्य इनपुट का उपयोग न्यूनतम किया जा सकेगा।

सभी परिसम्पतियां एवं देयताओं, जिनके संबंध में उचित मूल्य पर मापन अथवा वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण किया गया है, का वर्गीकरण उचित मूल्य की तारतम्यता का अनुसरण करके किया गया है जो न्यूनतम स्तर के इनपुट पर आधारित है तथा पूर्ण रूप से उचित मूल्य पर मापन के लिए महत्वपूर्ण हैंः–

- स्तर 1 – समान प्रकार की परिसम्पतियों अथवा देयताओं के सक्रिय बाजारों में उद्धृत (गैर–समायोजित) बाजार मूल्य
- स्तर 2 – मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए न्यूनतम स्तर के इनपुट हैं जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रेक्षण योग्य उचित मूल्य मापन के लिए उपयोगी हैं।
- स्तर 3 – मूल्यांकन तकनीक जिसके लिए न्यूनतम स्तर के इनपुट हैं जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से गैर–प्रेक्षण योग्य उचित मूल्य मापन के लिए उपयोगी हैं।

ऐसी परिसम्पतियों एवं देयताओं के संबंध में, जो आवर्ती आधार पर वित्तीय विवरणों में स्वीकृत की गई हैं, कम्पनी द्वारा स्तरों के मध्य के स्तरों पर तारतम्यता में अंतरण

किए जाने के निर्धारण (न्यूनतम स्तर इनपुट पर आधारित जो पूर्ण उचित मूल्य मापन के लिए महत्वपूर्ण हैं) प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में किए जाते हैं।

महत्वपूर्ण परिसम्पतियों एवं देयताओं, यदि कोई हों, के लिए बाह्य मूल्यांककों की सेवाएं प्राप्त की जाती हैं। प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को कम्पनी द्वारा उन परिसम्पतियों एवं देयताओं के मूल्य के संचलनों का विश्लेषण किया जाता है जिनका मापन अथवा पुनःमापन कम्पनी की लेखांकन नीतियों के अनुसार किया जाना अपेक्षित होता है।

उचित मूल्य के प्रकटीकरण के लिए कम्पनी द्वारा परिसम्पतियों एवं देयताओं के वर्ग उनकी प्रकृति, विशिष्टताओं एवं परिसम्पति अथवा देयता से जुड़े जोखिमों तथा ऊपर स्पष्ट की गई तारतम्यता के अनुसार उचित मूल्य के स्तर के आधार पर किए जाते हैं।

ऊपर उचित मूल्य के लिए लेखांकन नीतियों का संक्षेप प्रस्तुत किया गया है। उचित मूल्य से संबंधित अन्य प्रकटीकरण सम्बद्ध नोटों में किए गए हैं।

2.2.19 बिक्री के लिए धारित गैर–चालू परिसम्पतियां

जब किसी परिसम्पति का धारण उसकी वहन लागत की वसूली मूलतः बिक्री संव्यवहार के लिए किया जाता है तथा बिक्री संव्यवहार की संभावना काफी विश्वसनीय होती है तो गैर–चालू परिसम्पतियां (अथवा निपटान समूह) का वर्गीकरण बिक्री के लिए धारित परिसम्पतियों के रूप में किया जाता है। किसी बिक्री को काफी विश्वसनीय तब माना जाता है जब परिसम्पति अथवा निपटान समूह अपनी वर्तमान स्थिति में बिक्री के लिए उपलबध हो तथा बिक्री न होने की संभावना न हो एवं बिक्री की प्रक्रिया वर्गीकरण किए जाने से एक वर्ष में की जानी संभावित हो। बिक्री के लिए धारित के रूप में वर्गीकृत निपटान समूहों को उल्लिखित वहन राशि से कम मूल्य पर तथा बिक्री की लागतों को घटाकर उचित मूल्य किया जाता है। बिक्री के धारित का वर्गीकरण करने के पश्चात सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण, निवेश सम्पति एवं अमूर्त परिसम्पतियों का मूल्यह्रास अथवा परिशोधन नहीं किया जाता है। बिक्री/वितरण के वर्गीकृत के साथ धारित परिसम्पतियों की प्रस्तुति तुलन पत्र में अलग से की जाती है।

यदि इंड एएस–105 ''बिक्री के लिए धारित गैर–चालू परिसम्पतियां'' के उल्लिखित मापदंडों को पूरा नहीं किया जाता है तो बिक्री के लिए धारित निपटान समूहों का वर्गीकरण समाप्त कर दिया जाता है। वर्गीकरण समाप्त की गई बिक्री के लिए धारित गैर–चालू परिसम्पतियों का मापन – (1) बिक्री के लिए धारित गैर–चालू परिसम्पति के रूप में वर्गीकरण से पूर्व उसकी वहन राशि, मूल्यह्रास के समायोजन के पश्चात जो तब किया जाता जब बिक्री के धारित परिसम्पति का वर्गीकरण न होगा, तथा (2) उस तिथि की उसकी वसूली योग्य राशि जब निपटान समूह का वर्गीकरण बिक्री के धारित के लिए समाप्त किया गया था, से न्यून किया जाता है। मूल्यह्रास रिर्वसल समायोजन से संबंधित सम्पति, संयंत्र एवं उपकरण, निवेश परिसम्पति तथा अमूर्त परिसम्पतियों को उस अवधि के लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित किया जाता जिस अवधि में गैर–चालू परिसम्पतियों का धारण बिक्री के लिए किए जाने के मापदंड पूरे नहीं हो पाते हैं।

2.2.20 पूर्वावधि समायोजन

चालू वर्ष में पूर्वावधि से संबद्ध चूक/अकरण पाई जाने पर यदि प्रत्येक एवं अकरण का औसत कम्पनी के पिछले लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के अनुसार कुल परिचालन राजस्व के 0.50 प्रतिशत से अधिक नहीं होता है तो उसका उपचार सारहीन रूप से किया जाता है तथा उसका समायोजन चालू वर्ष में किया जाता है।

2.2.21 महत्वपूर्ण लेखांकन अनुमान एवं निर्धारण

उक्त वित्तीय विवरणों के निर्माण के लिए उपयोग में लाए गए अनुमानों का अनवरत मूल्यांकन कम्पनी द्वारा किया जाता है तथा ये ऐतिहासिक अनुभव एवं विभिन्न अन्य अनुमानों एवं कारकों (भावी घटनाओं की संभावनाओं सहित), जिनके प्रति कम्पनी का विश्वास विद्यमान परिस्थितियों के कारण औचित्यपरक रूप से है, पर आधारित होते हैं। ऐसे अनुमान ऐसे तथ्यों एवं घटनाओं पर आधारित होते हैं जो रिपोर्टिंग तिथि को विद्यमान हैं अथवा जिनका आस्तित्व इस तिथि के पश्चात हुआ है परन्तु विद्यमान स्थितियों के अनुसार रिपोर्टिंग तिथि को इनका आस्तित्व होने के अतिरिक्त प्रमाण उपलब्ध हैं। तथापि, कम्पनी द्वारा ऐसे अनुमानों, वास्तविक परिणामों का नियमित मूल्यांकन किया जाता है परन्तु ऐसे अनुमान आंके जाने के समय औचित्यपरक होते हुए इनके वास्तविक परिणाम सामग्रीगत रूप से भिन्न हो सकते हैं तथा ऐसे परिणाम

ऐतिहासिक अनुभव अथवा अनुमानों से भिन्न होने पर भी पूरी तरह से सटीक नहीं होते हैं। अनुमानों में होने वाले परिवर्तनों की स्वीकृति उस अवधि के वित्तीय विवरणों में की जाती है जिस अवधि में ये ज्ञात होते हैं।

रिपोर्टिंग तिथि को भावी एवं अन्य प्रमुख स्रोतों के अनुमानों की अनिश्चितता से संबंधित प्रमुख अनुमान, जिनमें अगले वित्तीय वर्ष में परिसम्पतियों एवं देयताओं की वहन राशियों में सामग्रीगत समायोजन की उत्पति का महत्वपूर्ण जोखिम व्याप्त है, का वर्णन नीचे किया गया है। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं।

(क) ग्रहित न किए गए व्यापार प्राप्यों के लिए प्रावधान

व्यापार प्राप्यों के साथ ब्याज नहीं होता है तथा इनकी प्रस्तुत उनके सामान्य मूल्यों पर अनुमानित वसूलीयोग्य राशि पर छूट करके प्रदान की जाती है जो प्राप्य शेष एवं ऐतिहासिक अनुभवों पर आधारित होती है। व्यापार प्राप्यों का अलग अलग बट्टा तब किया जाता है जब प्रबंधन को उनकी वसूली संभव प्रतीत नहीं होती है।

(ख) आकस्मिताएं

कम्पनी के प्रति व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के दौरान आकस्मिक देयताओं की उत्पति न्यायिक मामलों एवं अन्य दावों के परिणामस्वरूप होती है। ये ऐसे दायित्व होते हैं जिनके संबंध में प्रबंधन सभी उपलब्ध तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर संबंधित भुगतान अथवा कठिनाई के परिमाण के अनुमान विश्वसनीयता से नहीं आंक सकती है तथा ऐसे दायित्वों को आकस्मिक दायित्व मानकर इनका प्रकटीकरण नोटों में किया गया है। इस प्रकार, कम्पनी संबंधी जटिल विधिक प्रक्रियाओं के अंतिम प्रतिफल का ऐसा कोई निश्चित प्रमाण नहीं है जिससे आकस्मिकताओं का सामग्रीगत प्रभाव का कम्पनी की वित्तीय स्थिति पर होने के विश्वसनीय अनुमान लगाए जा सके।

(ग) वित्तीय परिसम्पतियों की अक्षमता

वित्तीय परिसम्पतियों के लिए अक्षमता प्रावधान चूक जोखिमों एवं संभावित हानि दरों के अनुमानों पर आधारित होते हैं। कम्पनी अपने विवेक का उपयोग करके ऐसे अनुमान लगाकर अक्षमता इनपुट का आकलन करती है जो कम्पनी के पूर्व इतिहास,

बाजार स्थितियों के आधार एवं प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में लगाए जाने वाले वाले भावी अनुमानों पर आधारित होते हैं।

(घ) कर

जटिल कर विनियमों की व्याख्या, कर विधियों में बदलाव एवं राशि एवं भावी करयोग्य आय के संबंध में अनिश्चितताएं व्याप्त होती हैं। व्यापार के स्वरूप के कारण वास्तविक परिणाम एवं लगाए गए अनुमानों अथवा ऐसे अनुमानों में भावी परिवर्तनों से होने वाली भिन्नताओं के कारण पहले से रिकार्ड की गई कर आय एवं व्यय में भविष्य में समायोजन करने पड़ सकते हैं। कम्पनी द्वारा ऐसे औचित्यपरक अनुमानों के आधार पर प्रावधान स्थापित किए गए हैं। ऐसे प्रावधानों की राशि पूर्व कर लेखापरीक्षा के अनुभव एवं करयोग्य इकाईयों द्वारा की गई कर की भिन्नताओं की व्याख्या जैसे विभिन्न कारकों पर आधारित होती है। व्याख्या में भिन्नता के कारण कम्पनी के कार्यक्षेत्र में व्याप्त परिस्थितियों से विभिन्न प्रकार के अनेक मामले उत्पन्न हो सकते हैं।

आस्थगित कर परिसम्पतियों की स्वीकृति अप्रयुक्त कर हानियों के लिए उस विस्तार तक की जाती है जहां तक ऐसी विश्वसनीयता हो कि इससे करयोग्य लाभ प्राप्त होंगे जिनके प्रति हानियों का उपयोग किया जा सकेगा। आस्थगित कर परिसम्पतियों की राशि के स्वीकृति योग्य निर्धारण करने के लिए महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्णय की आवश्यकता होती है जो समय की अनुकूलता एवं भावी करयोग्य लाभ के स्तर के साथ साथ भावी कर योजना रणनीतियों पर आधारित होते हैं।

(ड.) गैर–वित्तीय परिसम्पतियों की अक्षमता

अक्षमता तब उत्पन्न होती है जब किसी परिसम्पति रोकड़ उत्पति यूनिट का वहन मूल्य उसकी वसूलीयोग्य राशि से अधिक हो जाता है तथा जो उसकी निपटान लागतों एवं उपयोग मूल्य को घटाकर उचित मूल्य से अधिक होता है। उचित मूल्य घटाकर निपटान लागत के आकलन आर्म लैंथ पर किए गए बाध्यकारी बिक्री संव्यवहारों से उपलब्ध डेटा पर आधारित होते हैं जो परिसम्पति के निपटान की आवर्धित लागतों को घटाकर समान प्रकार की परिसम्पतियों अथवा प्रत्यक्ष बाजार

मूल्यों के अनुसार होते हैं। उपयोग मूल्य का आकलन डीसीएफ मॉडल पर आधारित होता है।

(च) नवीकरण एवं समापन विकल्प के साथ पट्टे के अनुबंध काल का निर्धारण – पट्टेदार के रूप में कम्पनी

कम्पनी पट्टा काल का निर्धारण पट्टे को रद्द न किए जाने की शर्त के साथ करती है जिसमें पट्टे की किन्हीं अवधियों को विस्तारित करने, यदि इसका उपयोग करने की औचित्यपरक निश्चितता हो, अथवा पट्टे का समापन करने के विकल्प के साथ शामिल अवधियों, यदि इसका उपयोग न करने की औचित्यपरक निश्चितता हो, का समावेश होता है।

कम्पनी द्वारा ऐसे पट्टा अनुबंध किए गए हैं जिनमें विस्तार एवं समापन के विकल्प हैं। कम्पनी अपने विवेक से यह ज्ञात करती है कि क्या किसी पट्टे का नवीकरण करने अथवा उसका समापन करने के विकल्प के उपयोग के प्रति किसी प्रकार के औचित्यपरक कारक हैं अथवा नहीं हैं। इस प्रकार के सभी सम्बद्ध कारकों पर विचार से कम्पनी के सम्मुख नवीकरण करने अथवा समापन करने के विकल्प के उपयोग का आर्थिक कारण प्रस्तुत हो जाता है। प्रारंभ तिथि के पश्चात कम्पनी पट्टा काल का मूल्यांकन करके यह ज्ञात करती है कि क्या परिस्थितियों में किसी प्रकार की ऐसी महत्वपूर्ण घटनाएं अथवा बदलाव हुए हैं जो उसके नियंत्रण में हैं तथा जिनके प्रभाव से कम्पनी को नवीकरण अथवा समापन करने के विकल्प का उपयोग करना पड़ सकता है अथवा नहीं करना पड़ सकता है (अर्थात महत्वपूर्ण पट्टाधारित सुधार अथवा पट्टाधारित परिसम्पतियों में महत्वपूर्ण बदलाव)।

(छ) राजस्व स्वीकृति

कंपनी निष्पादन दायित्व की पूर्ण संतुष्टि के लिए अपनी प्रगति का यथोचित आकलन करने के पश्चात समय के साथ संतुष्ट निष्पादन दायित्व के लिए राजस्व की पहचान करती है। राजस्व की स्वीकृति के लिए संतोष के स्तर तक निष्पादन दायित्वों के संबंध में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन, दावों (मुआवजे, छूट आदि) और अन्य भुगतानों का आकलन

करना अपेक्षित है और ये संभावित हैं तथा उचित रूप से मापन हेतु सक्षम हैं। दावों के लिए अनुमान लगाने के उद्देश्य से, कंपनी ने उपलब्ध संविदात्मक और ऐतिहासिक जानकारी का उपयोग किया।

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड
सीआईएन- U45500DL2017GOI317401
31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि हेतु वित्तीय विवरणों के नोट

3 परिसंपत्ति , संयंत्र और उपकरण

(रूपए लाख में)

विवरण	कम्प्यूटर	कुल
सकल वहन राशि (लागत पर)		
1 अप्रैल 2018 के	-	-
संवर्धन	-	-
निपटान/समायोजन	-	-
विनिमय लाभ/ हानि	-	-
31 मार्च 2019 को	-	-
संवर्धन	0.42	0.42
निपटान/समायोजन	-	-
विनिमय लाभ/ हानि	-	-
31 मार्च 2020 को	**0.42**	**0.42**
मूल्यह्रास एवं हानि		
1 अप्रैल 2018 के	-	-
वर्ष के लिए प्रभारित मूल्यह्रास		-
हानि	-	-
निपटान/समायोजन	-	-
विनिमय लाभ/ हानि	-	-
31 मार्च 2019 को	-	-
वर्ष के लिए प्रभारित मूल्यह्रास	0.12	0.12
हानि	-	-
निपटान/समायोजन	-	-
विनिमय लाभ/ हानि	-	-
31 मार्च 2020 को	**0.12**	**0.12**
निवल बही मूल्य		
31 मार्च 2020 को	**0.30**	**0.30**
31 मार्च 2019 को	-	-

4 अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां

(रूपए लाख में)

विवरण	फुटनोट	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
संविदागत परिसंपत्तियां वसूली योग्य			
वित्तीय परिसंपत्तियां - निर्माण संविदा	1	25,474.31	13,425.91
कल - अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां		**25,474.31**	**13,425.91**

फुटनोट:

1. वित्तीय परिसंपत्तियां - निर्माण संविदा राजमार्ग है, जिसका निर्माण हाइब्राइड एनिविटी मोड (एचएएम) के माध्यम से आईडीएचएचएल द्वारा किया जा रहा है (नोट 23 का संदर्भ लें)।

5 अस्थगित कर परिसंपत्तियों और आय कर

इंड एएस 13 "आयकर" के अनुसरण में प्रकटन

(क) 31 मार्च 2020 तथा 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु आय कर व्यय के प्रमुख घटक हैं:

(रूपए लाख में)

क्र.सं.	विवरण	को समाप्त वर्ष	
		31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
1	**लाभ और हानि खंड**		
	चालू आय कर:		
	चालू आय कर प्रभार	21.42	75.69
	पिछले वर्ष के चालू आयकर के संबंध में समायोजन	-	-
	आस्थगित कर:		
	अस्थायी अंतरों के समायोजन एंव प्रतिक्रम से संबंधित	13.63	35.93
	लाभ और हानि खंड में प्रस्तुत आयकर व्यय	**35.05**	**111.62**
2	**अन्य वृहत आय (ओसीआई) खंड**		
	वर्ष के दौरान ओसीआई में स्वीकृत मदों से संबंधित आयकर		
	निर्धारित लाभ योजनाओं के पुनःमापन पर निवल घाटा/(लाभ)	-	-
	विदेशी प्रचालन अंतरण पर निवल घाटा/(लाभ)	-	-
	ओसीआई खंड में प्रस्तत आयकर व्यय	-	-

(ख) 31 मार्च 2020 तथा 31 मार्च 2019 के लिए भारत के घरेलू कर दर दवारा गणा कर व्यय और लेखांकन लाभ का समायोजन:

(रूपए लाख में)

क्र.सं.	विवरण	को समाप्त वर्ष	
		31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
1	आयकर से पूर्व लेखांकन लाभ	112.49	325.94
2	आयकर अधिनियम,1961 के अनुसार निगमित कर दर	25.168%	27.821%
3	लेखांकन लाभ पर कर (3) = (1) * (2)	28.31	90.68
4	कर समायोजन प्रभाव:		
(i)	पूर्ववर्ती वर्षों के चालू आयकर के संबंध में समायोजन	-	-
(ii)	पिछले अस्वीकृत कर घाटों का उपयोग	-	-
(iii)	दर अंतर प्रभाव	-	-
(iv)	कर से छूट प्राप्त आय पर कर	-	-
(v)	कर प्रयोजनों हेतु गैर कटौती योग्य व्यय	-	-
	अन्य देशों के अतिरिक्त कर	-	-
	अन्य गैर कटौती योग्य व्यय	-	-
(vi)	विभिन्न अन्य मदों पर प्रभाव	6.74	20.94
5	**लाभ एवं हानि विवरण में प्रस्तत आयकर व्यय**	**35.05**	**111.62**
6	प्रभावी कर दर	31.16%	34.25%

(ग) तुलन पत्र और लाभ एवं हानि विवरण में स्वीकृत आस्थगित कर (परिसंपत्तियां) और देयताएं

(रूपए लाख में)

क्र.सं.	विवरण	तुलन पत्र		लाभ हानि विवरण	
		31 मार्च 2020	31 मार्च 2019	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
1	परिसंपति , संयंत्र और उपकरण (अमूर्त सहित) : बही में अंतर-मूल्यह्रास एवं आयकर मूल्यह्रास	(0.01)	-	(0.01)	-
2	प्रावधान	-	-	-	-
3	आयकर अधिरियम, 1961 की धारा 43बी के अंतर्गत अस्वीकृत मदें	-	-	-	-
4	चालू वर्ष और पूर्ववर्ती वर्षों में लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित व्यय का प्रभाव किन्तु भुगतान आधार पर कर प्रयोजन हेतु स्वीकार्य।	-	-	-	-
5	वित्तीय माध्यमों का उचित मूल्यांकन	-	-	-	-
6	एफवीटीओसीआई इक्विटी प्रतिभूतियों और एफवीटीपीएल म्यूचुवल फंड पर अप्रयुक्त लाभ/हानि	-	-	-	-
7	अन्य	13.77	27.39	(13.62)	(35.93)
	निवल आस्थगित कर परिसंपत्तियां /(देयताएं)	**13.76**	**27.39**	**(13.63)**	**(35.93)**

(घ) तुलन पत्र में प्रदर्शित निम्नानुसार:

(रूपए लाख में)

क्र.सं.	विवरण	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
1	आस्थगित कर परिसंपतियां	13.77	27.39
2	आस्थगित कर देयताएं	(0.01)	-
	आस्थगित कर परिसंपतियां /(देयताएं) (निवल)	**13.76**	**27.39**

नोट: आस्थगित कर परिसपत्तियों और आस्थगित कर देयताओं को ऑफसेट किया गया है क्योंकि वे समान शासी नियमों से संबंधित हैं।

(ड.) आस्थगित कर (देयताओं) और परिसंपत्तियों का समायोजन :

31 मार्च 2020 को

(रूपए लाख में)

क्र.सं	विवरण	1 अप्रैल 2019 को शेष (निवल)	लाभ व हानि विवरण में स्वीकृत	ओसीआई में स्वीकृत	31 मार्च 2020 को शेष (निवल)
1	परिसंपति , संयंत्र और उपकरण (अमूर्त सहित) : बही में अंतर-मूल्यह्रास एवं आयकर मूल्यह्रास	-	(0.01)	-	**(0.01)**
2	प्रावधान	-	-	-	-
3	आयकर अधिरियम, 1961 की धारा 43बी के अंतर्गत अस्वीकृत मदें	-	-	-	-
4	चालू वर्ष और पूर्ववर्ती वर्षों में लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित व्यय का प्रभाव किन्तु भुगतान आधार पर कर प्रयोजन हेतु स्वीकार्य।	-	-	-	-
5	वित्तीय माध्यमों का उचित मूल्यांकन	-	-	-	-
6	एफवीटीओसीआई इक्विटी प्रतिभूतियों और एफवीटीपीएल म्यूचुवल फंड पर अप्रयुक्त लाभ/हानि	-	-	-	-
7	अन्य (पूर्व समायोजित व्यय)	27.39	(13.62)	-	**13.77**
	निवल आस्थगित कर परिसंपत्तियां /(देयताएं)	**27.39**	**(13.63)**	-	**13.76**

31 मार्च 2019 को

(रूपए लाख में)

क्र.सं	विवरण	1अप्रैल 2018 को शेष (निवल)	लाभ व हानि विवरण में स्वीकृत	ओसीआई में स्वीकृत	31 मार्च 2019 को शेष (निवल)
1	परिसंपति , संयंत्र और उपकरण (अमूर्त सहित) : बही में अंतर-मूल्यह्रास एवं आयकर मूल्यह्रास	-	-	-	-
2	प्रावधान	-	-	-	-
3	आयकर अधिरियम, 1961 की धारा 43बी के अंतर्गत अस्वीकृत मदें	-	-	-	-
4	चालू वर्ष और पूर्ववर्ती वर्षों में लाभ एवं हानि विवरण में प्रभारित व्यय का प्रभाव किन्तु भुगतान आधार पर कर प्रयोजन हेतु स्वीकार्य।	-	-	-	-
5	वित्तीय माध्यमों का उचित मूल्यांकन	-	-	-	-
6	एफवीटीओसीआई इक्विटी प्रतिभूतियों और एफवीटीपीएल म्यूचुवल फंड पर अप्रयुक्त लाभ/हानि	-	-	-	-
7	अन्य (पूर्व समायोजित व्यय)	63.32	(35.93)	-	**27.39**
	निवल आस्थगित कर परिसंपत्तियां /(देयताएं)	**63.32**	**(35.93)**	-	**27.39**

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड
सीआईएन- U45500DL2017GOI317401
31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि हेतु वित्तीय विवरणों के नोट

वित्तीय परिसंपत्तियां

6.1 व्यापार प्राप्य

(रूपए लाख में)

विवरण	**31 मार्च 2020**	**31 मार्च 2019**
अरक्षित : वसूली योग्य		
- व्यापार प्राप्य * (संदर्भ नोट सं.23)	792.02	10,099.60
संदिग्ध समझे गए		
- व्यापार प्राप्य	-	-
	-	-
घटा : संदिग्ध ऋणों के लिए हानि प्रावधान	-	-
कुल	**792.02**	**10,099.60**

6.2 रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य **(रूपए लाख में)**

विवरण	**31 मार्च 2020**	**31 मार्च 2019**
उपलब्ध रोकड़	-	-
बैंकों में शेष:		
- चालू खातों में	1.67	0.74
- तीन माह से कम की मूल परिपक्वता वाले फ्लैक्सी खाते	217.50	133.50
कुल	**219.17**	**134.24**

6.3 अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां **(रूपए लाख में)**

विवरण	**31 मार्च 2020**	**31 मार्च 2019**
क. वसूली योग्य: रक्षित		
प्रतिभूति जमा राशियां		
- अन्य	0.63	0.63
एफडीआर पर संचित ब्याज	0.65	0.03
अन्य प्राप्य	0.04	0.47
संविदागत परिसंपत्तियां		
वित्तीय परिसंपत्तियां - निर्माण संविदा	16,814.29	-
कुल - अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां - वसूली योग्य	**16,815.61**	**1.13**
ख) संदिग्ध समझे गए		
प्रतिभूति जमा राशियां		
- सरकारी विभाग	-	-
- अन्य	-	-
कुल - अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां - संदिग्ध	-	-
सकल योग - अन्य वित्तीय अन्य	**16,815.61**	**1.13**

फुट नोट

1. वित्तीय परिसंपत्तियां -निर्माण संविदा राजमार्ग है, जिसका निर्माण हाइब्राइड एनिविटी मोड (एचएएम) के माध्यम से आईडीएचएचएल द्वारा किया जा रहा है (नोट 23 का संदर्भ लें)।

इरकॉन देवांगेरे हवेरी राजमार्ग लिमिटेड
सीआईएन- U45500DL2017GOI317401
31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि हेतु वित्तीय विवरणों के नोट

7 चालू कर परिसंपत्तियां (निवल)

(रूपए लाख में)

विवरण	फुट नोट	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
टीडीएस एवं अग्रिम कर सहित प्रदत्त कर (कर हेतु प्रावधान का निवल)		678.50	336.73
चालू कर परिसंपत्तियां निवल		**678.50**	**336.73**

8 अन्य चालू परिसंपत्तियां

(रूपए लाख में)

विवरण	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
अरक्षित - वसूली योग्य		
क) पूंजीगत अग्रिमों से इतर अग्रिम		
सामग्री और मशीनरी के प्रति ठेकेदारों को अग्रिम	-	-
ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्यों से अग्रिम - संबंधित पक्ष	1,382.53	7,269.00
अग्रिम वसूलीयोग्य -		
- वस्तु एंव सेवाकर	4,736.59	1,515.89
कुल - पूंजीगत अग्रिम से इतर अग्रिम	**6,119.12**	**8,784.89**
ख) अन्य		
प्रदत्त व्यय	17.99	20.47
कुल - अन्य	**17.99**	**20.47**
ग) संचित किन्तु अदेय ब्याज		
इरकॉन को मोबिलाइजेशन अग्रिम पर	-	47.98
कुल संचित किन्तु अदेय ब्याज	**-**	**-**
सकल योग	**6,137.11**	**8,853.34**

8. इक्विटी शेयर पूंजी **(रूपए लाख में)**

विवरण	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
प्राधिकृत शेयर पूंजी		
प्रति 10 रूपए के 21,70,50,000 इक्विटी शेयर	21,705.00	21,705.00
	21,705.00	21,705.00
जारी/अंशदायी और प्रदत्त पूंजी		
प्रति 10 रूपए के 16,40,50,000 के पूर्णत प्रदत्त इक्विटी शेयर	16,405.00	10,405.00
कुल	16,405.00	10,405.00

कंपनी में शेयरधारकों के धारण का ब्यौरा

शेयरधारकों का नाम	31 मार्च 2020		31 मार्च 2019	
	शेयरों की संख्या	श्रेणी में प्रतिशत धारिता	शेयरों की संख्या	श्रेणी में प्रतिशत धारिता
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड - धारक कंपनी	164,050,000	**100**	104,050,000	**100**
कुल	**164,050,000**	**100**	**104,050,000**	**100**

रिपोर्टिंग तिथि से तत्काल पूर्व पांच वर्ष की अवधि के दौरान शेयरों की समग्र संख्या के रूप में जारी किए गए इक्विटी शेयरों, नकदी से इतर अन्य जारी किए गए शेयर

विवरण	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019	31 मार्च 2018	31 मार्च 2017	31 मार्च 2016
	शेयरों की संख्या	शेयरों की संख्या	शेयरों की संख्या	शेयरों की संख्या	शेयरों की संख्या
रोकड़ से इतर जारी इक्विटी शेयर	-	-	-	-	-
बोनस शेयरों के रूप में जारी इक्विटी शेयर	-	-	-	-	-
इक्विटी शेयर बायबैक	-	-	-	-	-
कुल	-	-	-	-	-

इक्विटी शेयरों से संबद्धशर्तें/अधिकार:
(क) मतदान :
कंपनी के पास इक्विटी शेयरों का केवल एक वर्ग है जिसका प्रति शेयर 10 रुपये का सममूल्य मूल्य है। इक्विटी शेयर का प्रत्येक धारक प्रति शेयर एक वोट का हकदार है।

(ख) परिसमापन:
कंपनी के परिसमापन की स्थिति में, इक्विटी शेयरों के धारक सभी प्रेफरेंशियल राशियों के संवितरण के पश्चात, कंपनी की शेष संपति प्राप्त करने के हकदार होंगे। वितरण शेयरधारकों द्वारा धारित इक्विटी शेयरों की संख्या के अनुपात में होगा।

(ग) लाभांश :

निदेशक मंडल द्वारा प्रस्तावित लाभांश आगामी वार्षिक साधारण बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन में अध्याधीन है।

वर्ष के आरंभ और अंत में इक्विटी शेयरों की संख्या और बकाया शेयर पूंजी का विनियोजन

(रूपए लाख में)

विवरण	31 मार्च 2020		31 मार्च 2019	
	शेयरों की संख्या	लाख रूपए में	शेयरों की संख्या	लाख रूपए में
वर्ष के आरंभ में जारी/अंशदायी और प्रदत्त इक्विटी शेयर	104,050,000	10,405.00	50,000	5.00
जमा: वर्ष के दौरान जारी शेयर	60,000,000	6,000.00	104,000,000	10,400.00
घटा: वर्ष के दौरान बाय बैक शेयर			-	
वर्ष के अंत में जारी/अंशदायी और प्रदत्त इक्विटी शेयर	**164,050,000**	**16,405.00**	**104,050,000**	**10,405.00**

10 अन्य इक्विटी

(रूपए लाख में)

विवरण	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
(क) प्रतिधारण आमदनी		
आरंभिक शेष	277.38	63.07
जमाः लाभा और हानि विवरण में अतिरेक से अंतरित	77.44	214.31
घटाः निगमित लाभांश कर सहित वर्ष के दौरान घोषित और प्रदत्त निगमित लाभांश कर		-
समापन शेष	**354.82**	**277.38**
(ख) सामान्य आरक्षित निधि		
आरंभिक शेष		-
समापन शेष	-	-
(ग) पूंजी रिडेंप्शन आरक्षित निधि		
आरंभिक शेष		-
जमाः इक्विटी शेयरों के बायबैक हेतु अंतरण		-
समापन शेष	-	-
(घ) अन्य व्हत आय मदें		
आरंभिक शेष		-
विदेशी मुद्रा अंतरण (कर का निवल)		-
समापन शेष	-	-
सकल योग	**354.82**	**277.38**

अन्य आरक्षित निधियों की प्रकृति और प्रयोजन:

(क) प्रतिधारित आमदनियां

प्रतिधारित आमदनियों में कंपनी के अवितरित लाभ शामिल हैं।

11 वित्तीय देयताएं (गैर चालू)

11.1 ऋण

(रूपए लाख में)

विवरण	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
रक्षित:		
धारक कंपनी (इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड) से ऋण*	26,922.00	13,000.00
कुल	**26,922.00**	**13,000.00**

नोट :

*** ऋण की निबंधन और शर्तें**

ब्याज की दर :

(i) कंपनी ऋण पर प्रभारित ब्याज दर का भुगतान समय-समय पर प्रचलित एसबीआई एमसीएलआर की दर जमा 0.50% पर करेगी।

(ii) ऋण संवितरण की अवधि इस समझौते पर हस्ताक्षर करने की तारीख से 30 महीने की अवधि के लिए होगी।

(iii) सावधि ऋण 10.5 वर्षों में चुकाया जाएगा जो दिनांक 1 अप्रैल 2021 से शुरू होगा।

(iv) ब्याज का भुगतान प्रत्येक माह के अंतिम दिन मासिक आधार पर किया जाएगा।

(v) ऋण को उधारकर्ता की आवश्यकता के अनुसार किश्तों में संवितरित किया जाएगा।

(vi) परियोजना के निर्माण में लिया गया वास्तविक समय इस शर्त के अधीन अधिस्थगन अवधि होगा बशर्ते स्थगन अवधि इस समझौते पर हस्ताक्षर करने की तारीख से 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(vii) ऋण को सुरक्षित किया जाएगा-

(क) पहले बंधक और सभी उधारकर्ता की अचल संपत्तियों पर शुल्क प्रभारित किया जाएगा, दोनों वर्तमान और भविष्य की बचत सहित और परियोजना की संपत्ति को छोड़कर।

(ख) सभी उधारकर्ताओं की मूर्त चल संपत्ति पर पहला शुल्क।

(ग) उधारकर्ता के सभी बैंक खातों पर पहला शुल्क।

(घ) रियायत समझौते के अनुच्छेद 25 और एस्क्रो समझौते के अनुच्छेद 4 में निर्दिष्ट अनुसार भुगतान की प्राथमिकता की सीमा तक लागू किया जाएगा।

(ड.) ऋण लेने वाले के सभी सूचना-पत्रों पर शुल्क

(च) सुरक्षित ब्याज के सृजन के माध्यम से शुल्क:

(i) परियोजना दस्तावेजों के तहत और इसके अंतर्गत, उधारकर्ता के अधिकार, टाइटल, ब्याज, लाभ, दावे और मांगें।

(ii) सभी अनुमोदन और बीमा अनुबंधों के तहत, उधारकर्ता के अधिकार, शीर्षक, ब्याज, लाभ, दावे और मांगें।

(iii) किसी भी पक्ष द्वारा परियोजना दस्तावेजों को प्रदान किए गए, ठेकेदार और परिसमापक और तरल क्षति और निष्पादन बांड सहित किसी भी पत्र के तहत, उधारकर्ता के अधिकार, शीर्षक, ब्याज, लाभ, दावे और मांगें।

12 वित्तीय देयताएं (चालू)

12.1 व्यापार प्राप्य

(रूपए लाख में)

विवरण	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम (संदर्भ नोट सं. 31)	-	0.10
अन्य:		
(क) ठेकेदार व आपूर्तिकर्ता	0.16	1.27
(ख) संबंधित पक्ष - इरकॉन	2,534.71	4.66
कुल	**2,534.87**	**6.03**

13 अन्य वित्तीय देयताएं

(रूपए लाख में)

विवरण	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
ग्राहकों से अग्रिम पर देय ब्याज	447.71	140.66
अन्य देय (स्टाफ देय सहित)	62.91	1.19
कुल	**510.62**	**141.85**

14 13. अन्य चालू देयताएं

(रूपए लाख में)

विवरण	31 मार्च 2020	31 मार्च 2019
क) संविदागत देयताएं		
ग्राहकों से अग्रिम	2,942.50	8,827.50
		-
ख) अन्य		-
सांविधिक देय	460.97	220.58
कुल	**3,403.47**	**9,048.08**

नोट

क) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और अन्य सांविधिक देयों हेतु देयता सहित सांविधिक देय ।

15 प्रचालनों से राजस्व

(रूपए लाख में)

विवरण	31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि हेतु	31 मार्च 2019 को समाप्त अवधि हेतु
एससीए के अंतर्गत निर्माण संविदा राजस्व (संदर्भ नोट 23)	39,283.50	31,270.32
कुल	**39,283.50**	**31,270.32**

16 अन्य आय

(रूपए लाख में)

विवरण	31 मार्च 2020 को समाप्त अवधि हेतु		31 मार्च 2019 को समाप्त अवधि हेतु	
ब्याज आयः				
मोबिलाइजेशन अग्रिमों पर अर्जित ब्याज आय	416.05		290.24	
घटाः- ग्राहकों से मोबिलाइजेश अग्रिम पर ब्याज लागत	(341.16)	74.89	(156.30)	133.94
बैंक ब्याज सकल		38.77		36.19
कुल		**113.66**		**170.13**

17 परियोजना एंव अन्य व्यय

(रूपए लाख में)

विवरण	परियोजना व्यय		अन्य व्यय	
	31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष हेतु	31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु	31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष हेतु	31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु
कार्य व्यय	37,185.90	30,636.58	-	-
निरीक्षण भू तकनीकी अन्वेषण और सर्वेक्षण आदि	251.07	167.13	-	-
किराया - गैर आवासीय	2.73	2.29	-	-
दर एवं कर	-	0.41	-	-
बीमा	31.89	30.15	-	-
यात्रा एवं कन्वेयेंस	0.36	0.92	-	-
मुद्रण एवं स्टेशनरी	0.24	0.22	-	-
विधिक एवं व्यावसायिक प्रभार	19.07	8.61	0.24	-
लेखापरीक्षक पारिश्रमिक	-	-	0.95	0.50
विविध व्यय	0.04	-	-	-
कुल	**37,491.30**	**30,846.31**	**1.19**	**0.50**

(i) सांविधिक लेखापरीक्षकों को भुगतान

(रूपए लाख में)

विवरण	31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष हेतु	31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु
(क) लेखापरीक्षा शुल्क - चालू	0.80	0.40
(ख) कर लूखापरीक्षा शुल्क - चालू वर्ष	0.15	0.07
(ग) प्रमाणन शुल्क	-	0.03
कुल	**0.95**	**0.50**

18 कर्मचारी पारिश्रमिक एवं लाभ

